सतना

01 दिसंबर 2024 रविवार

दैनिक

# मीडियाऑडीटर

दैनिक मीडिया ऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



चैंपियंस ट्रॉफी को ...

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### संभल जा रहे सपा विधायक समेत 10 नेता हिरासत में

**लखनऊ/संभल (एजेंसी)।** संभल हिंसा का आज 7वां दिन है। संभल में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं, लेकिन शनिवार को लखनऊ में सियासी सरगर्मी बढ़ गई। सपा डेलिगेशन के संभल जाने के ऐलान के बाद नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के घर के बाहर फोर्स तैनात कर



दी। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को नजरबंद किया गया। डेलिगेशन में माता प्रसाद पांडेय समेत 5 सांसद और 4 विधायक शामिल थे। मुरादाबाद में सपा विधायक पिंकी यादव समेत 10 नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं, बरेली में 100 से ज्यादा सपा कार्यकर्ताओं को पकड़ा गया।

### आरजी कर 'करप्शन' केस में सीबीआई की चार्जशीट नामंजूर

**कोलकाता (एजेंसी)।** आरजी कर हॉस्पिटल में करप्शन मामले में सीबीआई की चार्जशीट कोर्ट ने शुक्रवार को नामंजूर कर दी। राज्य सरकार के किसी कर्मचारी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के लिए जरूरी मंजूरी उपलब्ध न होने की वजह से सीबीआई की विशेष अदालत चार्जशीट



स्वीकार नहीं की। जांच एजेंसी ने मामले में पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष को मुख्य आरोपी बनाया है। एक अधिकारी ने बताया कि 100 पन्नों की चार्जशीट में अन्य चार गिरफ्तार आरोपियों - बिप्लब सिंह, अफसर अली, सुमन हाजरा और आशीष पांडे के नाम भी शामिल हैं। सीबीआई ने जांच से जुड़े करीब एक हजार पन्नों के दस्तावेज भी जमा किए हैं।

### पुतिन की परमाणु धमकियां, जेलेंस्की का पलटवार

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग लगातार तेज होती जा रही है। रूस ने हाल ही में कई मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर 190 ड्रोन और मिसाइल दागने की बात कही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस पर क्लस्टर बमों के इस्तेमाल का भी आरोप



लगाया है। जेलेंस्की ने भी रूस को कड़ा जवाब देने की बात कही है। ऐसे में संघर्ष और तेज होने की आशंका पैदा हो गई है। रणनीतिक मामलों के एक्सपर्ट ब्रह्मा चेलानी और यूक्रेनी विदेश नीति विशेषज्ञ ओल्हा वोरोझबाइट ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर बात की है। एक्सपर्ट को लगता है कि नाटो और अमेरिका की सक्रियता इस युद्ध को बढ़ा रही है। पुतिन युद्ध को और बढ़ाने के लिए भी तैयार हैं।

## प्रधानमंत्री के चंडीगढ़ दौरे को लेकर प्रशासन सख्त

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 3 दिसंबर को पीईसी (पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज) में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार देर रात प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पीईसी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधूरे काम जल्द पूरे करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चंडीगढ़ प्रशासक ने सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री का यह दौरा 1 जुलाई से देशभर में लागू हुए 3 नए कानूनों की समीक्षा और चंडीगढ़ पुलिस द्वारा इन्हें सबसे पहले लागू करने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। पीईसी में आयोजित इस कार्यक्रम में कई राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ करीब 15 हजार लोग शामिल होंगे। प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर राजिंदरा पार्क में उतरेगा, जहां से वे सड़क मार्ग से पीईसी पहुंचेंगे।



# महाराष्ट्र में 5 दिसंबर को शपथ लेगी नई सरकार

### शिंदे की तबीयत बिगड़ी, मुंबई से गांव भेजे गए डॉक्टर्स

### भाजपा विधायक दल की बैठक टली, अब 3 दिसंबर को

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आए 7 दिन बीत चुके हैं। भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार गुट यानी महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीतीं, लेकिन अब शपथ की तारीख तय हो गई है। 5 दिसंबर को शपथ ग्रहण होगा। एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम का पद लेने को तैयार हैं, लेकिन गृह मंत्रालय पर अड़े हुए हैं। 29 नवंबर को शिंदे दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मुंबई लौटे और सभी कार्यक्रम रद्द कर अपने गांव सातारा निकल गए। गांव में उनकी तबीयत बिगड़ गई है। मुंबई से डॉक्टरों की टीम पहुंची है। इस बीच, भाजपा विधायक दल की बैठक भी दो दिन आगे बढ़ गई है।



### गृह और वित्त मंत्रालय पर अटकी है बात

शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वो इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। वहीं शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी सीएम का पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए। शाह के साथ बैठक में भी इसका हल नहीं निकल पाया। पहले गृह मंत्रालय देवेन्द्र फड़णवीस के पास था। इसलिए फड़णवीस किसी भी हालत में गृह मंत्री का पद छोड़ने को तैयार नहीं हैं। माना जा रहा है कि इस विवाद के चलते शाह की बैठक में कैबिनेट गठन पर कोई समाधान नहीं निकल सका।

## वे नफरत, हिंसा और बंटवारे की बात करते हैं...

- राहुल गांधी का बीजेपी पर हमला, अडानी को लेकर पीएम मोदी को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सांसद राहुल गांधी के निशाने पर आज फिर देश के मशहूर उद्योगपति गौतम अडानी रहे। राहुल ने अडानी के बहाने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा। राहुल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री गौतम अडानी के साथ अलग व्यवहार करते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि अडानी के साथ हर दूसरे भारतीय की तुलना में अलग व्यवहार किया जाएगा। राहुल गांधी ने अडानी के बहाने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा में हम एक राजनीतिक विचारधारा से लड़ रहे हैं। हम भावनाओं, भावनाओं, स्नेह, प्रेम के बारे में बात कर रहे हैं। वे घृणा, क्रोध, विभाजन, हिंसा के बारे में बात करते हैं। संविधान कहता है कि सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि अडानी के साथ हर दूसरे भारतीय की तुलना में अलग व्यवहार किया जाएगा। राहुल ने आगे कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अडानी को संयुक्त राज्य अमेरिका में आरोपी बनाया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका में एक अपराधी कहा गया है। राहुल ने कहा कि भारत में हम उन पर आरोप नहीं लगाएंगे।



# एनआईए के राडार पर मैतेई-कुकी संगठनों के चीफ

### मणिपुर हिंसा

- मेघालय सीएम ने कहा-मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगे
- विधायकों के घर हमला करने वाले 8 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में पुलिस और विधायकों के घर तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले 16 नवंबर को इंफाल वेस्ट के पटसोई पुलिस ने विधायकों के घर आग लगाने के आरोप में एक आरोपी को पकड़ा था। बाकी को 27 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। उधर, मणिपुर में हाल में हुई हिंसक घटनाओं के बाद मैतेई संगठन अरामबाई टेंगोल के सुप्रीमो कोरो नगनबा खुमान और कुकी संगठन के प्रमुख एनआईए की रडार पर हैं। एनआईए मणिपुर में सुरक्षा बलों पर हमलों और आईईडी विस्फोट के चार मामलों की जांच कर रही है। इनमें इंफाल में फर्स्ट मणिपुर राइफल्स कैंपस से हथियार और गोला-बारूद की लूट, मोरेह में चौकी पर हमला और बिष्णुपुर में आईईडी विस्फोट



शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने हाल ही में एनआईए को चारों मामलों की जांच करने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इन मामलों को इंफाल की एनआईए कोर्ट से गुवाहाटी की स्पेशल कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया है। मैतेई समुदाय की 6 महिलाओं और बच्चों के शव नदियों में पाए जाने के बाद गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी में कई विधायकों के घरों में तोड़फोड़ की थी। 11 नवंबर को जिरीबाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद कुकी उग्रवादियों ने 6 लोगों का अपहरण कर लिया था। बाद में हुई गोलीबारी में दस कुकी विद्रोही भी मारे गए थे। मणिपुर सरकार ने शनिवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री के बयान का जवाब भी दिया।

# कर्नाटक में 'मुस्लिम' आरक्षण पर बुरी फंस गई है कांग्रेस

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी पर बढ़ा दबाव

### उपचुनाव में वोटों के ध्रुवीकरण से बढ़ गई हैं पार्टी की मुश्किलें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव के साथ ही 15 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों के नतीजे आ चुके हैं। इन चुनावी नतीजे से कांग्रेस को निश्चित रूप से झटका लगा है। महाराष्ट्र में पार्टी का प्रदर्शन बिल्कुल निराश करने वाला रहा है। इसके साथ ही पार्टी विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनाव में भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन करने में असफल रही है।




**अनुशासन की कमी, गुटबाजी जिम्मेदार-** महाराष्ट्र विधानसभा समेत अधिक राज्यों के उपचुनाव में कांग्रेस की रणनीति पूरी तरह फेल नजर आई। वहीं, वोटों के ध्रुवीकरण का भी पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा। पार्टी को कोर वोट बैंक भी दलित-पिछड़ा भी इस बार बंटा नजर आए। पार्टी ने हार की समीक्षा के लिए कमेटियों का गठन किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हार के लिए पार्टी में अनुशासन की कमी, पुराने ढर्रे की राजनीतिक के साथ ही गुटबाजी को भी जिम्मेदार ठहराया है। इसके साथ ही हार के लिए जवाबदेही तय करने की बात कही है। इस तरह पार्टी हार के बाद पूरी तरह से दबाव में नजर आ रही है। कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय सरकार पर 4 फीसदी आरक्षण बहाल करने के लिए दबाव बढ़ा रहा है।

## पंजाब-हरियाणा के 321 गांवों से जमीन लेगी सरकार

**जालंधर (एजेंसी)।** दिल्ली से अमृतसर तक चलने वाली बुलेट ट्रेन के लिए केंद्र सरकार पंजाब और हरियाणा के करीब 321 गांवों से जमीन अधिग्रहण करेगी। अब युद्ध स्तर पर सर्वे शुरू हो गया है। दोनों राज्यों में इस हाई स्पीड रेल लाइन के लिए सर्वे का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। बुलेट ट्रेन दिल्ली से अमृतसर तक का 465 किलोमीटर का सफर महज 2 घंटे में पूरा करेगी। दिल्ली से अमृतसर के बीच यह ट्रेन चंडीगढ़ समेत 15 स्टेशनों पर रुकेगी। इस बुलेट ट्रेन की अधिकतम स्पीड 350 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसकी चलने की स्पीड 320 किलोमीटर प्रति घंटा और औसत स्पीड 250 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। साथ ही उक्त ट्रेन में एक बार में करीब 750 यात्री सफर कर सकेंगे। दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के कुल 343 गांवों से जमीन अधिग्रहण की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार पंजाब के कुल 186 गांवों की जमीन अधिग्रहण करेगी। जिसमें मोहाली के 39, जालंधर के 49, लुधियाना के 37, अमृतसर के 22, फतेहगढ़ साहिब के 25, कपूरथला के 12 तथा तरनतारन व रूपनगर जिले के एक-एक गांव शामिल हैं।

# जो कुछ भी कर सकती हूं, वह करने को तैयार हूं

### वायनाड में जीत के बाद बोलीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी

### मुक्कम में राहुल गांधी के साथ जनसभा को किया संबोधित

**तिरुवंतनपुरम (एजेंसी)।** केरल से लोकसभा की सदस्य चुनी गई प्रियंका गांधी वायनाड पहुंचने पर खुश दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि वह अब वायनाड के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए काम करूंगी। वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद दो दिवसीय दौरे पर केरल पहुंचीं है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं वायनाड के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए जो कुछ भी कर सकती हूं, वह करने को तैयार हूं। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम वायनाड लैंडस्लाइड पीड़ितों की मदद के लिए केरल सरकार पद दबाव डालेंगे। वायनाड से जीतने के बाद प्रियंका गांधी पहली बार दौरे पर पहुंची हैं। प्रियंका गांधी ने कोझिकोड जिले के थिरुवंबाडी विधानसभा क्षेत्र के मुक्कम में राहुल गांधी के साथ जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज मुंदक्कई और चूरलमाला में हुए विनाशकारी भूस्खलन को चार महीने हो गए हैं। यह देखना वाकई प्रेरणादायक है कि किस तरह वायनाड एकजुटता के साथ आगे आया है। भारी नुकसान झेलने के बावजूद, वायनाड के लोगों ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है, मजबूती से खड़े रहे, संघर्ष करते रहे और अपने जीवन में आगे बढ़ते रहे।





# भीषण 'ठंड' और कोहरे के आगोश में उत्तर भारत

- कश्मीर में -3.4ए, एमपी में 36 साल का रिकॉर्ड टूटा
- हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, 5 राज्यों में घना कोहरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी के कारण देश के उत्तरी राज्यों में ठंड का असर बरकरार है। उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा में घने कोहरे का भी अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के पांच जिले किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और चंबा में 3 दिन तक बर्फबारी का अलर्ट है। इन जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है। उधर, कश्मीर में ठंड लगातार बढ़ जा रही है। पहलगाम में रात का तापमान माइनस 3.4 डिग्री तक पहुंच गया है। श्रीनगर में तापमान माइनस 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उत्तरी राज्यों में बर्फबारी के कारण ठंडी हवाओं से मध्य प्रदेश में भी तापमान गिर रहा है। भोपाल में नवंबर का महीना 36 साल में सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां पारा 8.2 डिग्री पहुंच चुका है। बंगाल की खाड़ी से उठे साइक्लोन फेंजल के असर के कारण तमिलनाडु के कई जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां पिछले 4 दिनों से लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात भी बन गए हैं। कई जिलों के स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात हैं। दिल्ली में 2 दिन पहले यानी 28 नवंबर को इस सीजन की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 21 नवंबर की रात 10.2 डिग्री सेल्सियस और 27 नवंबर को 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिन में दिल्ली का अधिकतम तापमान नॉर्मल से एक डिग्री ज्यादा 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



## संक्षिप्त समाचार

### सिंहस्थ व्यवस्था से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को जल्द शुरू करें- मुख्य सचिव जैन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने सिंहस्थ व्यवस्था संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए शुक्रवार को मंत्रालय में अब तक सिंहस्थ के लिये स्वीकृत कार्यों की निविदाएं नियत समय में जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों ने निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिये है, उनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें नियत समय में पूरा किया जायें। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि उज्जैन में आगामी सिंहस्थ के मद्देनजर अभी से श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। अत- वर्तमान स्थिति और सिंहस्थ समय में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान लगाकर उनकी व्यवस्था और सुरक्षा के संबंध में प्लान तैयार किया जायें। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ में बेहतर व्यवस्था के लिये अधिकारियों की टीम प्रयागराज में कुंभ की व्यवस्थाओं का अध्ययन करें। बैठक में बताया गया कि उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ-2028 के लिये 2 स्तरीय समिति का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सिंहस्थ के कार्यों की स्वीकृति दी जा रही है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सिंहस्थ से जुड़े कार्यों के प्रस्ताव को प्रस्तुत किया जा रहा है। बैठक में उज्जैन कलेक्टर और कमिश्नर वर्चुअली जुड़े और उन्होंने सिंहस्थ को लेकर की जा रही कार्रवाई एवं विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में वर्ष 2025 से वर्ष 2027 तक आगामी तीन वर्षो के प्रस्तावित सिंहस्थ संबंधी कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, पर्यटन और संस्कृति विभाग सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### मतदाता शिक्षा और जागरूकता के सर्वोत्तम अभियान को मिलेगा नेशनल मीडिया अवार्ड-2024

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मतदाता शिक्षा और मतदान जागरूकता के सर्वोत्तम अभियान के लिये नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 प्रदान किये जायेंगे। मीडिया संस्थानों को पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने और मतदान के प्रति जागरूकता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये चलाये जा रहे उत्कृष्ट अभियानों को प्रोत्साहित करने के लिये दिये जायेंगे। आयोग ने 10 दिसम्बर 2024 तक संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट एवं सोशल) मीडिया श्रेणियों में पृथक-पृथक पुरस्कार दिये जायेंगे। वर्ष-2024 में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिये मीडिया संस्थानों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों और विशिष्ट उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए चार पृथक-पृथक श्रेणियों में अपने प्रस्ताव भेजने होंगे। सभी नामांकनों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गठित मीडिया अवार्ड जूरी विचारोपरान्त निर्णय लेगी। नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 से संबंधित विस्तृत विवरण (मेमोरेण्डम) कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट और जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मीडिया संस्थान अपने प्रस्ताव श्री राजेश कुमार सिंह, अवर सचिव (संचार), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली 110001 को भेजे जा सकते हैं। संस्थान अपने प्रस्ताव मेमोरेण्डम में लिखी शर्तों का पालन करते हुए ई-मेल एड्रेस पर भी भेज सकते हैं।

### एफएक्यू गुणवत्ता के अनाज का ही करें उपार्जन : पीएस खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम और वेयर हॉउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। एफएक्यू गुणवत्ता केअनाज का ही उपार्जन करें। निर्धारित मानक से कम गुणवत्ता के खाद्यान्न की खरीदी नहीं करें। प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने यह बात प्रशासन अकादमी में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज उपार्जन की तैयारी तथा पात्र परिवारों को राशन वितरण की समीक्षा के लिये आयोजित कार्यशाला में कही। प्रमुख सचिव श्रीमती शमी ने कहा कि इस वर्ष धान मिलिंग उपार्जन के साथ ही की जायेगी। अत- जारी निर्देशों के अनुसार धान की मिलिंग कराकर चावल गोदामों में भंडारित कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस पर विशेष ध्यान दें कि भंडारित अनाज खराब नहीं हो। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ कर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण समय पर सुनिश्चित करें। आयुक्त खाद्य एवं प्रबंध संचालक वेयर हॉउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन श्री सिवि चक्रवर्ती ने कहा कि धान का उपार्जन केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स के अनुसार करें। धान खरीदी की ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जायेगी। अत- जहाँ भी नॉन एफएक्यू धान की खरीदी होगी, उसकी जानकारी यहाँ तुरंत मिल जायेगी। श्री चक्रवर्ती ने कहा कि उपार्जित अनाज के भंडारण और वितरण की पूरी मॉनीटरिंग करें। एमडी नागरिक आपूर्ति निगम श्री पी.एन. यादव ने उपार्जन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को समस्याएँ नहीं होनी चाहिए। उपार्जन केन्द्रों में निर्देशानुसार सभी जरूरी सुविधाएँ उपलब्ध करायें।

# जिला पंचायत सीईओ लक्ष्य की पूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें-सचिव पीएचई नरहरि

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी. नरहरि ने उज्जैन संभाग की जल जीवन मिशन की संभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने संभाग के जिला पंचायत सीईओ और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों को सिंगल विलेज स्कीम 31 मार्च तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने जिले में ठेकेदार, जो समय पर काम नहीं कर रहे हों, उन्हें ब्लैक-लिस्ट किया जाये। उनके स्थान पर दूसरे ठेकेदारों से कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि हर घर नल से जल पहुंचाने के लिये जल जीवन मिशन में दिन-रात काम कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाये। श्री नरहरि ने कहा कि योजना में अधूरा कार्य नहीं हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। सचिव श्री नरहरि ने जिलेवार जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना के




संचालन एवं संधारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। श्री नरहरि ने कहा कि जिन गाँव में नल-जल योजना के अंतर्गत सड़कों की खुदाई की गयी है, उनका दुरुस्तीकरण समय-सीमा में करायें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की भी जिलेवार समीक्षा की और संबंधितों को समय-सीमा में शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रमुख अभियंता पीएचई श्री के.के. सोनगरिया ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सौंपे हुए दायित्वों का निर्वहन समय-सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाये। उन्होंने कहा कि जिनके द्वारा समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया जायेगा, उन अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। जल निगम के मुख्य महाप्रबंधक श्री एम.के. मुदगल, मुख्य अभियंता इंदौर श्री सोलंकी, उज्जैन संभाग के सभी जिला पंचायत सीईओ, जल निगम के अधिकारी और पीएचई के कार्यपालन यंत्री तथा सहायक यंत्री बैठक में उपस्थित रहे।

## 24 जिलों की 1295 पीवीटीजी बसाहटों में बनेंगी 1284.29 किमी लम्बी 1035 सड़कें



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में केन्द्र सरकार प्रदेश के 24 जिलों में निवासरत 3 विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सभी बसाहटों तक एप्रोच रोड तैयार कर रही हैं। केन्द्र सरकार द्वारा पीएम जन-मन में प्रदेश की चिन्हित कुल 1295 पीवीटीजी बसाहटों में कुल 1284.29 किलोमीटर लम्बाई वाली 1035 सड़कें मंजूर की गई है। गांव-गांव तक कुल 1050 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली इन सम्पर्क सड़कों का निर्माण कार्य 5 चरणों में पूरा किया जायेगा। पहला चरण जून 2025 तक पूरा कर लेने का लक्ष्य तय किया गया है। पहले चरण में 235 करोड़ रूपये की लागत से 295 किमी लम्बी 125 सड़कें बनाई जा रही है। इन पर काम तेजी से जारी है। पहले चरण के ही दूसरे भाग में 150.72 करोड़ रूपये की लागत से 180.29 किमी लम्बी 40 सड़कें बनाई जानीं है। इनके लिये निर्माण एजेंसी तय कर दी गई हैं। दूसरे चरण में 112.69 करोड़ रूपये लागत से 152 किमी लम्बी 60 सड़कें बनाई जायेंगी। तीसरे चरण 162 करोड़ रूपये की लागत से 216 किमी लम्बी 86 सड़कें निर्मित की जायेंगी।

## सांची में महाबोधि महोत्सव 30 नवम्बर से, म.प्र. टूरिज्म बोर्ड बौद्ध सर्किट करेगा प्रचारित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची में 30 नवम्बर से 01 दिसम्बर, 2024 तक दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव मेला का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में आने वाले अनुयायियों व पर्यटकों को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के बौद्ध पर्यटन गंतव्यों से अवगत कराएगा।

यहां विशेष रूप से लगाए गए एग्जीबिशन से प्रदेश में मौजूद गौतम बुद्ध के जीवन मूल्यों से संबंधित प्रमुख स्थलों को आधुनिक तकनीक से प्रचारित किया जाएगा। साहित्य और ऑडियो व वीडियो के माध्यम से बौद्ध स्थलों की जानकारी दी जाएगी। संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से बुद्ध जम्बूद्वीप पार्क, सांची में कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम में प्रवेश निन्शुल्क रहेगा।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति व प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि बौद्ध अनुयायियों को आकर्षित करने प्रदेश में बौद्ध सर्किट का विकास और प्रचार किया जा रहा है। सांची, मंदसौर, धार, सतना, रीवा, सतधारा, सोनारी, मुरेल खर्द, ग्यारसपुर जैसे गंतव्यों पर अनुयायियों व पर्यटकों की सुविधा हेतु थीम पार्क, पर्यटन सुविधा केंद्र सहित आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है। महोत्सव में आने वाले अनुयायियों को एग्जीबिशन से प्रदेश के अन्य गंतव्यों की जानकारी भी दी जाएगी। महाबोधि महोत्सव से देश-विदेश से सांची आने वाले बौद्ध अनुयायियों के समक्ष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कलाओं में बौद्ध विचार, भगवान बुद्ध की मूल प्रेरणा विश्व शांति और राष्ट्र निर्माण का चित्रण होगा।' 30 नवम्बर शाम 6-30 बजे सर्वप्रथम %जापानी लोक नृत्य एवं गायन% की प्रस्तुति जापान के कलाकारों द्वारा दी जाएगी। इसके बाद भगवान बुद्ध की जीवन कथा पर आधारित महानाट्य %धम्म चक्र% का मंचन कृति थियेटर एण्ड स्पोर्ट अकादमी, नागपुर के कलाकारों द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्देशन शीतल विश्वंभर दोडके ने किया है। पहले दिन 30 नवम्बर की अंतिम प्रस्तुति सुविख्यात गायिका सुश्री आकृति मेहरा एवं साथी, भोपाल की %भक्ति गायन% से होगी।

## आयुष्मान योजना से मिली नि:शुल्क सेवा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा आपात स्थितियों में नागरिकों को समय से उपयुक्त चिकित्सकीय सेवा मुहैया कराने में वरदान साबित हो रही है। इससे बहुमूल्य जीवन को बचाया जा रहा है। नरसिंहपुर जिले के करेली निवासी हृदय रोग से पीड़ित श्री विमल कुमार जैन (उम्र-70 वर्ष) को पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा से बेहतर उपचार के लिये एयर लिफ्ट कर हैदराबाद भेजा गया। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर द्वारा हृदय रोगी श्री जैन की स्थिति को देखते हुए कीम्स अस्पताल, हैदराबाद रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर से 108 एम्बुलेंस से श्री जैन को जबलपुर एयरपोर्ट तक पहुंचाया गया। जबलपुर से उन्हें पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा से कीम्स अस्पताल, हैदराबाद के लिए भेजा गया।



यह सेवा आयुष्मान भारत योजना के हितग्राही श्री जैन को निन्शुल्क प्रदान की गई।

पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा से प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या चिन्हित विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट किये जाने की सेवा प्रदाय की जाती है। पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के अंतर्गत हेली एम्बुलेंस एवं फिक्सड विंग कनवरटेंट फलाईंग एम्बुलेंस संचालित हो रही हैं। पीएम एयर एम्बुलेंस में उच्च स्तरीय प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की टीम हमेशा तैनात रहती है।

पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा सड़क एवं औद्योगिक दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में पीड़ित को राज्य में एवं बाहर शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय में निशुल्क परिवहन किया जाता है। आयुष्मान कार्डधारी के उपचार के लिये राज्य में एवं राज्य के बाहर सभी शासकीय एवं आयुष्मान सम्बद्ध अस्पतालों में उपचार हेतु निशुल्क परिवहन की व्यवस्था है। अन्य हितग्राही जो कि आयुष्मान कार्डधारी नहीं हैं, उनके उपचार के लिए राज्य के अंदर स्थित शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क परिवहन जबकि राज्य के बाहर के किसी भी अस्पताल में अनुबंधित दर पर सशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध है।

## 53 ईएफए विद्यालयों में संस्कृत कक्षाओं का संचालन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड अरूण, उदय और प्रभात कक्षाओं का संचालन 53 चयनित एजुकेशन फॉर ऑल (ईएफए) स्कूल में कर रहा है। इन विद्यालयों में संस्कृत माध्यम की कक्षाएं इस वर्ष शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ हो गई हैं। देश की सांस्कृतिक विरासत में संस्कृत भाषा का प्राचीन काल से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में संस्कृत भाषा के विस्तार के लिये विशेष प्रावधान रखे गये हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लेख किया गया है कि संस्कृत भाषा केवल संस्कृत पाठशाला एवं विश्वविद्यालयों तक सीमित न रहे बल्कि इसे मुख्य धारा में लाया जाये। इसके अनुपालन में प्रदेश में प्री-स्कूल के 3 वर्ष तथा कक्षा 1 और 2 के 2 वर्ष इस प्रकार बच्चे की उम्र 3 से 8 वर्ष की अवधि में बच्चों को संस्कृत माध्यम से पढ़ाई कराये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग संस्कृत माध्यम के विद्यालयों के संचालन की निगरानी भी रख रहा है। संस्कृत भाषा एक बीज भाषा है। यह भाषा सभी भाषाओं की जननी है। बाल मनोवैज्ञानिकों के अनुसार बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास 6 वर्ष की अवस्था से पूर्व हो जाता है। शोध में यह बात भी सामने आयी है कि जो विद्यार्थी प्रारंभ से संस्कृत भाषा बोलते हैं, वे बाद के वर्षों में विश्व की किसी भी भाषा को बोलने की क्षमता रखते हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए 53 संस्कृत विद्यालय प्रदेश में प्रारंभ किये गये हैं। यह एक ऐसा अनोखा प्री-स्कूल है, जिसमें छोटे बच्चों को संस्कृत माध्यम से भारतीय संस्कृति और परम्परा के बारे में सीखने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

## रतलाम मेडिकल कॉलेज में की गयी सफल जागरूक क्लेविकल फैक्चर सर्जरी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रतलाम मेडिकल कॉलेज द्वारा जागरूक क्लेविकल फैक्चर सर्जरी का सफलतापूर्वक संपादन प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह सर्जरी न केवल सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं के बढ़ते स्तर को दर्शाती है, बल्कि यह साबित करती है कि हमारे डॉक्टर्स और चिकित्सा कर्मियों की विशेषज्ञता किसी से कम नहीं है। उन्होंने इस उपलब्धि के चिकित्सकीय टीम को बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश



में चिकित्सा अधोसंरचना के सतत विकास और उत्कृष्ट एवं अत्याधुनिक सेवाओं के प्रदाय का कार्य सतत् चल रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम में पहली बार मेडिकल कॉलेज की ऑर्थोपेडिक और इंटरवेंशनल पेन फिजिशियन टीम ने जागरूक क्लेविकल फैक्चर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह सर्जरी विशेष है, क्योंकि मरीज सर्जरी के दौरान पूरी तरह जागरूक था और लगातार सर्जन और पेन फिजिशियन के साथ संवाद करता रहा।

इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली टीम में ऑर्थोपेडिक्स विभाग से डॉ. योगेश तिलकर (एसोसिएट प्रोफेसर) और डॉ. उत्सव शर्मा (असिस्टेंट प्रोफेसर) शामिल थे। एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर और पेन मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. शैलेंद्र डावर के मार्गदर्शन में सर्जरी पूरी की गई। सर्जरी के दौरान इंटरस्केलिन ब्लॉक और सुपरफिशियल सर्वाइकल प्लेक्सस ब्लॉक का उपयोग किया गया, जिसे अल्ट्रासाउंड मशीन की सहायता से सटीकता के साथ लागू किया गया। डीन प्रो. डॉ. अनीता मूथा ने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम जल्द ही एडवांस पेन क्लीनिक की शुरुआत करेगा।

## अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं स्वस्थ जीवन के लिये शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री पटेल शुक्रवार को एसीएस श्री श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विकास भवन ऑडिटोरियम ने आयोजित विदाई समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि श्री श्रीवास्तव द्वारा सेवाकाल में की गई कड़ी मेहनत और समयबद्धता सराहनीय है। उन्होंने श्री श्रीवास्तव के कार्यकाल की विशिष्ट उपलब्धियों का जिक्र किया और भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

अपर मुख्य सचिव श्री श्रीवास्तव ने अपने कार्य अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने हर विषय का गहन अध्ययन कर कार्य को प्रधानता देते हुए



अपने शासकीय सेवा का निर्वहन किया। सभी से सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक रवैया रखा। उन्होंने इस अवसर पर समस्त स्टॉफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्री श्रीवास्तव के शासकीय जीवन की यात्रा पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया और अतिरिक्त संचालक श्री पीसी शर्मा द्वारा लिखित और राजू राव द्वारा गाये गीत मलय सर आप बहुत याद आओगे को सुनाया गया। विभिन्न अधिकारियों ने श्री श्रीवास्तव के साथ अपने कार्य अनुभव सांझा किए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरआरडीए श्री दीपक आर्य, आयुक्त मनरेगा श्री अवि प्रसाद, डायरेक्टर वाल्मी श्रीमती सरिता बाला, उपसचिव श्री राकेश कुशरे सहित विभागीय अधिकारी/कर्मचारी और अपर मुख्य सचिव श्री श्रीवास्तव के परिजन उपस्थित रहे।

# हिंदू संगठनों के आह्वान पर बंद रहा छतरपुर

## लैंड जिहाद और लव जिहाद के विरोध में हुआ प्रदर्शन, सड़क पर बैठ सुंदर कांड पाठ किया






**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर जिले में बढ़ रहे लव और लैंड जिहाद के मामलों से नाराज हिंदू संगठनों के आह्वान पर आज (शनिवार) शहर बंद रहा, इसे शहरवासियों के साथ-साथ व्यापारियों का भी भरपूर समर्थन मिला। सुबह से लेकर शाम तक बाजार बंद रहा, केवल मेडिकल, यातायात, पेट्रोल पंप, अस्पताल, क्लिनिक ही खुले रहे। इस दौरान हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शहर भ्रमण कर लोगों को लव और लैंड जिहाद के प्रति जागरूक किया। दोपहर में चौक बाजार से कार्यकर्ता और हिंदू समाज के लोग रैली निकालते हुए चौबे तिराहा पहुंचे, जहां कलेक्टर पार्थ जैसवाल को ज्ञापन सौंप लव ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने से पहले लोगों ने चौबे तिराहा पर बीच सड़क पर बैठकर सुंदर कांड का पाठ भी किया।

**कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी:** बजरंग दल जिला संयोजक सूरज बुंदेला ने बताया, छतरपुर बंद के आवाहन पर व्यापारियों ने पूरा सहयोग किया है। आज के इस प्रदर्शन में हिंदू समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और रैली में शामिल होकर अपनी एकता का संदेश दिया।

वहीं विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री प्रखर भट्ट ने बताया कि आज पूरे जिले के हिंदुओं ने एकत्रित होकर लव जिहाद और लैंड जिहाद के मामलों का विरोध किया है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल संकट मोचन मंदिर के महंत राजीव लोचन दास महाराज ने बताया कि आज के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए हजारों लोग इस बात की प्रतीक हैं कि अब पूरा हिंदू समाज एक हो चुका है।

**हिंदू संगठन ने लैंड जिहाद के कुछ उदाहरण भी बताए:** महोबा रोड पर वन विभाग की भूमि पर हाजी शहजाद अली के भाई ने अवैध कब्जा किया, जिला प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

बस स्टैंड क्रमांक पर अवैध रूप से मजार का निर्माण किया गया, जिसे हटाने के लिए हाई कोर्ट जबलपुर ने आदेश दिया, फिर भी अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय के सामने बक्फ बोर्ड का साइन बोर्ड लगाकर अतिक्रमण किया गया, जबकि वह सरकारी जमीन है।

छतरपुर में सिंगारी नदी के आसपास एक धर्म विशेष के कथा कथित लोगों ने हिंदू धर्म की आस्था का केंद्र सिंगारी नदी को अपवित्र करने के उद्देश्य से नदी के आसपास अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करते हुए मांस मंडी की दुकान लगाई जा रही हैं। मांस की दुकानों से निकलने वाले अवशेष नदी में जानबूझकर डाला जाता है।

**हिंदू संगठन ने लव जिहाद के कुछ उदाहरण भी बताए:** एक युवती को बस कंडक्टर भ्रमित कर बहला फुसला कर माता-पिता को बिना सूचना के कहीं ले गया था। युवती को नौगांव पुलिस ने दस्तयाब किया लेकिन उक्त आरोपी युवती को डरा धमका कर अपने पक्ष में कर लिया। मामले में लव जिहाद करने वाले आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की।

छतरपुर में रैकवार समाज की एक लड़की को बगैर माता-पिता को सूचित किए सुनियोजित तरीके से एक मुस्लिम युवक अपने साथ ले गया। उसकी जानकारी आज तक परिजनों को नहीं है।

---

## अवैध गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

# पुलिस ने धुर्वासिन-रक्शा रोड तिराहा पर चेकिंग के दौरान पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** जिले की फुनगा पुलिस ने अवैध गांज के साथ एक युवक को पकड़ा है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी पर कार्रवाई की है। शनिवार को फुनगा चौकी प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि शनिवार को धुर्वासिन-रक्शा रोड तिराहा पर चेकिंग लगाई गई थी।

इस दौरान आरोपी गिरधारी पिता जयपाल प्रसाद पटेल (53) निवासी ग्राम रक्शा के पास 798 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। गांजे की कीमत 8000 रुपए है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी गिरधारी पटेल ने मादक पदार्थ जैतहरी से खरीद था। पुलिस अब गांजा बेचने वाले की तलाश कर रही है।

## वार्षिक एथलेटिक्स आयोजित, जिले के 7 कॉलेजों के स्टूडेंट्स हुए शामिल, शाम को हुआ समापन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, संजय गांधी महाविद्यालय सीधी में कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक्स खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार के दिन किया गया। जहां सीधी जिले के सभी ब्लॉक में संचालित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। यह कार्यक्रम सीधी के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित किया गया।

सीधी जिले में संजय गांधी कॉलेज के अलावा अवधेश प्रताप सिंह विवि की करीब 6 शाखाएं अन्य इसमें शामिल हुईं। उन्होंने सभी एथलीट कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, गोला फेक, दौड़ और क्रिकेट सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया।

**विधायक ने किया उद्घाटन:** इस मौके पर सीधी विधायक रीति पाठक उद्घाटन में मौजूद रहीं। उन्होंने कहा है कि खिलाड़ियों में जीत और हर का महत्व नहीं होना चाहिए, केवल अपने महाविद्यालय और अपने जिले का नाम रोशन करें। इसके लिए चिंता करनी चाहिए। कभी भी अपने आपको श्रेष्ठ ना माने ताकि हमारा जिला और भी बेहतर हो सके।

## कलेक्टर बोले- मानवता को महत्व दें डॉक्टर्स

# आधी रात में जिला अस्पताल का निरीक्षण किया, सुविधाओं के बारे में जानकारी ली

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल के जिला अस्पताल का निरीक्षण कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह ने पहुंच गए। शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात उन्होंने करीब 3 घंटे जिला अस्पताल में बिताए। उन्होंने मरीजों और परिजनों से चर्चा की। सर्दी को देखते हुए अस्पताल में भर्ती मरीजों को चादर और कंबल की व्यवस्थाओं को भी देखा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। लगभग अस्पताल में सफाई की स्थिति ठीक रही। वहीं, कलेक्टर ने मरीजों को अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर और संबंधित नर्स अपने अपने वार्ड में तैनात मिले।

**मानवता को विशेष महत्व दें डॉक्टर:** कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारी मानवता को विशेष महत्व दें। मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश मिश्रा से कहा कि रात में मरीजों को परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के आरएमओ डॉक्टर पुनीत श्रीवास्तव और मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर भूपेंद्र सिंह सेंगर सहित कई डॉक्टर मौजूद रहे।

---

# धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश में आरोपी गिरफ्तार

## बैगा परिवार को दे रहा था रुपयों का लालच, आदिवासी थे टारगेट




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली की निवास चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवास गांव में बैगा परिवार का धर्म परिवर्तन कराए जाने के प्रयास का मामला सामने आया है।

यहां बैगा परिवार ने पुलिस से शिकायत की है कि गांव के ही एक युवक घर आकर पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए कहता है। आरोपों के आधार पर मौके से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

निवास चौकी प्राभारी मनोज सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता मुन्नी बैगा पति जयचन्द्र बैगा ने निवास चौकी पुलिस को बताया कि निवास गांव निवासी उदयचन्द्र साहू ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार करता है। आरोपी जब ईसाई धर्म अपनाने की बात कह रहा था।

उस समय हमारी समधन सुनीता बेगा एवं हमारे पति भी थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि उदयचन्द्र साहू के घर लोग प्रार्थना करने भी जाते हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के पास से ईसाई धर्म से सबंधी किताब जब्त किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

**ईसाई धर्म अपनाने पर मिलेंगे दस हजार रुपए:** शिकायतकर्ता ने बताया कि उदय चंद्र घर आकर पैसों का लालच देकर हिंदू धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहता है। उसके द्वारा कहा जाता है कि हिंदू धर्म में कोई ताकत नहीं है। तुम लोग इसाई धर्म अपना लो दस हजार रुपए शुरू में देंगे।

फिर हर महीना पैसा मिलता रहेगा। लड़के बच्चों की नौकरी भी लगवा देंगे। साथ ही उसने कहा कि ईसाई धर्म में बहुत सुविधाएं मिलती हैं। ईसाई धर्म अपनाने के लिए सिन्दूर, टिकुली और बुंदवा छोड़ना पडेगा।

**इनकी रही भूमिका:** इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी निगरी एसआई विनव शुक्ला सउनि दीपनारायण, सउनि त्रिवेणी पाल, ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रभात कुमार दुबे, विड्डू सिह, अमित कुमार, रविराज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भुईमाड़ में खलिहान में लगी आग

## धान की 160 क्विंटल फसल नष्ट, प्रशासन ने मुआवजे के लिए टीम भेजने का दिया आश्वासन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के भुईमाड़ क्षेत्र अंतर्गत गोटियान टोला में शुक्रवार देर रात करीब 9:30 बजे खलिहान में रखी धान की फसल में अचानक आग लगने से चार किसानों की 160 क्विंटल फसल जलकर राख हो गई। घटना से किसानों को लगभग 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि फसल को बचाया नहीं जा सका।

**फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची, नहीं बची फसल:** फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन टीम समय पर नहीं पहुंच पाई।इस आगजनी में सावित्री सिंह गोंड और तीन अन्य किसानों की धान की पूरी फसल नष्ट हो गई। घटना के बाद प्रशासन ने मुआवजे के लिए सर्वे शुरू करने की बात कही है। तहसीलदार दशरथ सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद शनिवार को पटवारी की टीम को मुआवजे के सर्वे के लिए भेजा जाएगा।

# भदौरा रेलवे ट्रैक पर बैठे लोग

## इंटरसिटी और शक्तिपुंज एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी के भदौरा रेलवे ट्रैक पर लोग एक्सप्रेस ट्रेनों की स्टॉपेज की मांग को लेकर दोपहर 12:30 बजे से प्रदर्शन कर रहे हैं। ये प्रदर्शन 3 बजे तक जारी था। ट्रैक पर लोगों की बैठने की सूचना पर मौके पर प्रशासन के अधिकारी और पुलिस पहुंची। अधिकारी लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

**भदौरा रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनें रुके:** स्थानीय निवासी आनंद सिंह ददुआ ने बताया, इस लाइन से करीब तीन ट्रेन लोकल जाती हैं। इसके अलावा कई ऐसी ट्रेनें हैं, जो साप्ताहिक रूप से चलती हैं। लेकिन यहां पर सिर्फ मेमू ट्रेन ही रूकती है। अन्य दूसरी कोई ट्रेन यहां नहीं रूकती है।

जबलपुर जाने के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस अच्छी ट्रेने है और इसके अलावा शक्तिपुंज एक्सप्रेस है जो कि कटनी और जबलपुर को जोड़ती है।

लेकिन दोनों ट्रेन का स्टॉपेज भदौरा रेलवे पर नहीं है। इससे लोगों को जबलपुर-कटनी जाने के लिए परेशानी होती है। हमने कई बार प्रशासन के अधिकारियों ये समस्या बताई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

पोड़ी चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि लोग रेलवे का रास्ता ब्लॉक कर पटरी पर ही बैठे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को हमने सूचना दी है। एसडीएम और अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं और लोगों को समझाइश दी जा रही है।

# बुजुर्ग की हत्या करने वाले 2 गिरफ्तार

## परिवार की लड़की को बदनाम करने पर दो दिन पहले मारा था




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले की चितरंगी थाना पुलिस ने पुराने विवाद पर हत्या करने के दो आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार किया है। पूरा घटनाक्रम 28 नवंबर का है। जहां पुराने विवाद को लेकर के 60 साल के बुजुर्ग की हत्या कर दी गई थी।

**ये है पूरा मामला:** दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतक विशंभर उनके परिवार की लड़की को चरित्र को लेकर बदनाम करता था। इसलिए दोनों परिवारों के बीच इसे लेकर पहले भी विवाद हो चुका था।

चितरंगी थाना प्रभारी सुरेंद्र यादव ने बताया कि 28 तारीख की दोपहर संतलाल सिंह गौड़ ने थाने में इस बात की शिकायत की कि उनके पिता विशंभर गौड़ (60) जो अपने खेत पर घास काट रहे थे। इस दौरान आरोपी रघुनाथ सिंह और बसंत सिंह पिता के बीच गाली-गलौज हो गई।

देखते ही देखते आरोपियों ने सब्बल और टांगी से पिता के ऊपर हमला कर दिया, जो गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत घायल को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां इलाज के दौरान विशंभर सिंह की मौत हो गई।

आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुरेंद्र यादव, उप निरीक्षक बीपी सिंह, प्रधान आरक्षक भैया लाल, लक्ष्मीकांत मिश्रा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का समापन किया गया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला चिकित्सालय सीधी में सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का समापन किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ दीपारानी इसरानी, डॉ नागेंद्र बिहारी दुबे जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ हरिओम सिंह सेंगर, डॉ आशीष भारतीय, पीडियाट्रिशियन, डीआर देवेश द्विवेदी डॉ विनय सिंह, डॉ प्रभा तिवारी, डॉ शोभा, एसएनसीयू इंचार्ज मैट्रन एवं समस्त नर्सिंग ऑफिसर इस सप्ताह अंतिम दिवस में शामिल हुए और मझौली सेआई एक प्यारी सी नवजात अज्ञात बेबी का वेलकम बरहो समारोह से किया।


## जहिर आम सूचना

यह कि शियावती साकेत पत्नी श्री उमेश कुमार साकेत निवासी बेलहा नानकार 739, तहसील नईगढ़ी, जिला रीवा म.प्र. के द्वारा मेरे पक्षकार के यहां भूमि खसरा नं. 1125/1 (5) रकवा 0.036 हे. मेसे 27×50=1350 वर्गफिट मौजा बोदा, पटवारी हल्का बोदा, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) के भूमि के वर्तमान मूल हक विलेख को क्रय/बंधक / निच्छेप कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है जिस भूमि के भूमिस्वामी शियावती साकेत पत्नी श्री उमेश कुमार साकेत हैं एवं भूमि के पूर्व भूमिस्वामी श्री हर्षित अग्निहोत्री तनय श्री रजनीश अग्निहोत्री है जो मूल विक्रय पत्र दिनांक 25.11.2021 विक्रय पत्र नं. MP328492021A1985637, के द्वारा प्राप्त की थी। एवं श्री हर्षित अग्निहोत्री तनय श्री रजनीश अग्निहोत्री ने उक्त भूमि को पूर्व भूमिस्वामी श्री पंकज पाठक तनय श्री चिंतामणि पाठक जो मूल विक्रय पत्र दिनांक 13.12.2019 विक्रय पत्र नं. MP328492019A1841676 के द्वारा प्राप्त की थी जो विक्रय पत्र कहीं गुम हो गई है।

इस बावत आम जन व्यक्त निकाय को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी भी व्यक्ति व निकाय, संस्था को कोई मूल विक्रय पत्र दिनांक 13.12.2019 विक्रय पत्र नं. MP3284920191841676 के सम्बंध मे कोई आपत्ति या किसी प्रकार का कोई हित–निहित हो तो इस सूचना प्रकाषन के 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रीवा में या मेरे कार्यालय चे. नं. 12 जिला न्यायालय के पीछे रीवा मो.नं. 8435691666 मे कार्यालयीन समय 11 से 05 बजे के मध्य दिन को मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मुद्दत मेरा पक्षकार उक्त संम्पत्ति को पाक साफ मानते हुए वर्तमान स्वामी के नाम का मूल हक विलेख को निक्षेप कर / बंधक कर ऋण प्रदान करेगा व कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं होगी।

**भवदीय**
**सुनील कुमार मिश्र**
**एडवोकेट**
**चें. नं.12, नवीन अधिवक्ता भवन जिला न्यायालय रीवा म.प्र.**


# बदला स्कूल संचालन का समय, अब सुबह 9 बजे से लगेंगी एक से 8वीं तक की कक्षाएं, निजी स्कूलों पर भी होगा लागू आदेश




**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल में ठंड के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने शनिवार को स्कूलों के संचालन का समय बदल दिया है। कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह ने बताया कि भोपाल से मिले निर्देश के बाद शहडोल में लगातार गिरते तापमान और शीतलहर को देखते हुए कक्षा एक से आठवीं तक की कक्षाओं का समय बदला गया है।

नए आदेश के तहत 2 दिसंबर से जिले में कक्षा आठवीं तक की सभी कक्षाओं का संचालन सुबह 9 बजे से किया जाएगा। इसमें जिले की सभी सरकारी, प्राइवेट, सीबीएसई स्कूलों का शामिल किया गया है। यह आदेश 31 जनवरी 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

**स्कूल प्रबंधन नहीं करें लापरवाही:** कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह ने जिले के सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन कक्षा एक से आठवीं तक के स्कूलों के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। जिला प्रशासन ने जो समय का निर्धारण कर दिया है। उसी के अनुरूप स्कूल का संचालन करें। आदेश नहीं मानने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सुबह के समय तेज हो रही ठंड

जिले में इन दिनों सुबह के समय तापमान में गिरावट होती है। स्कूल खुलने का समय 8 बजे होने के कारण बच्चों को सुबह 7 बजे से घरों से निकलना पड़ता है। इस दौरान तेज शीतलहर भी चलती है। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन किया है।

## शासकीय महाविद्यालय मड़वास में महाविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताए सम्पन्न



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में गोला फेक, लंबी कूद, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ आदि की वार्षिक खेलकूद (एथलेटिक्स) की महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। समस्त प्रतियोगिताए महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रामधारी जायसवाल के नेतृत्व में सम्पन्न कराई गई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने किया तो आभार प्रदर्शन डॉ. कमलेश जायसवाल ने व्यक्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ आकांक्षा मिश्रा, डॉ ज्योति रजक, डॉ पंकज मिश्रा, प्रो. प्रवीण कुमार साकेत, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. अनुराग तिवारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार डॉ. सुरेंद्र गुप्ता, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ. पूजा गर्ग, डॉ संध्या वर्मा, डॉ अमिता खरे, डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा, प्रो. बाबा हरीनन्द, सुन्दरलाल प्रजापति अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# विचार

## तंत्र को हाईजैक करके जीता गया चुनावी मैदान?

महाराष्ट्र असेंबली के नजीते चौंकानेवाले आए, जिन दलों के जीतने के कयास ज्यादा थे, वो पिछड़ गए और जिन्हें कमतर आक रहे थे, उन्होंने बाजी मैदान मार लिया।पिछड़ने वालों में शरद पवार की पार्टी 'एनसीपी' भी है, जो दहाई के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाई। इसलिए ये नतीजे उनके लिए तो सबसे ज्यादा अचंभित करने वाले हैं। दरअसल, उन्हें तो सियासत का चाणक्य भी कहा जाता रहा है। उनकी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व भी कोई कमाल नहीं दिखा पाया। स्वयं उनके पोते रोहित राजेंद्र पवार ने भी जैसे-जैसे जीत हासिल की। रोहत ने कर्जत जामखेड विधानसभा से अपने विरोधी उम्मीदवार से मात्र 1243 मतों से जीते। कहां रह गई कमी, क्या गड़बड़ी की भी हैं संभावनाएं? आदि सवालों को लेकर डॉ. रमेश ठाकुर ने युवा विधायक रोहित पवार से की विस्तृत गुफ्तगू।

बीते लोकसभा चुनाव में जो पार्टी डबल डिजिट में भी नहीं थी जिनका स्ट्राइक रेट मात्र 30-32 फीसदी के आसपास रहा हो, तब सिर्फ 9 सीटें ही जैसे-तैसे जीती हों? मैदान में उतरे 23 उम्मीदवारों में 14 हार गए हों? वो अचानक मौजूदा विधानसभा में 10 प्रतिशत वोट वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 132 सीटें जीतती हो? तो अचंभित होना बनता है। महा विकास अघाड़ी की हार को कोई भी नहीं पचा पा रहा है। पूरा चुनाव हमारे पक्ष में था, समूचे प्रदेश में आघाडी की लहर बह रही थी। भावनात्मक और सहानुभूति के रूप में भी। बावजूद विरोधी पार्टियां जीत जाती हैं। ताज्जुब वाली बात ये भी देखिए, कई ऐसे इलाके थे, जहां मौजूदा मुख्यमंत्री की रैलियों को जनता ने करने नहीं दिया, जमकर विरोध किया? उन सीटों के नतीजे भी उनके पक्ष में गए। इन तस्वीरों को देखकर कोई भी गड़बड़ी होने का शक करेगा।

मेरी विधानसभा में मुकाबला बहुत टफ था। पूरे प्रदेश की निगाहें थी। ये सच है, चाचा ने कहा है, अगर उनकी सभा कर्जत जामखेड क्षेत्र में होती तो मैं हार सकता था। देखिए, वो मेरे चाचा हैं मैं उनकी बातों को राजनीतिक तौर पर दिल पर नहीं लूंगा। जब उन्होंने ऐसा कहा, मैंने बदले में उनके पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मेरे अपोजिट बीजेपी के सीनियर उम्मीदवार राम शिंदे थे। हुआ ऐसा भी कि जब काउंटिंग के वक्त आखिरी राउंड में कुछ तकनीकी वजहों से मुझे एक बार तो हारते हुए टीवी पर दिखा भी दिया था। मुझे कुल 127676 वोट मिले। जबकि, राम शिंदे को 126433 वोट। ये सच है कि जीत का अंतर ज्यादा नहीं रहा। मेरी विधानसभा में कुल 11 उम्मीदवार थे, जो सभी पॉवरफुल थे। वोटों का डिविजन अच्छे से हुआ था। खैर, अंत में विजय मेरी ही हुई जिसका धन्यवाद आपके जरिए एक बार फिर इलाके की जनता को दूंगा।

प्रदेश ने देखा कि कैसे पूरे चुनावी तंत्र को भाजपा ने अपने कब्जे में किया हुआ था। विपक्षी उम्मीदवारों पर सरकारी तंत्र का पहरा था। हमारी जेबों से लेकर बैग्स तक चेक किए गए। उनके नेता सरेआम होटलों में करोड़ों रूपए बांटते पकड़े गए, उनका कुछ नहीं हुआ। ऐसे चुनाव थोड़ी न होते हैं। इससे अच्छा तो चुनावी व्यवस्था को बंद कर देना चाहिए। जैसे रूस में चुनाव होते हैं वैसे ही यहां भी करवा देने चाहिए। तंत्र की बदौलत मौजूदा हुकूमत ने हरियाणा का फार्मूला महाराष्ट्र में भी अपनाया।

# जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में आखिर कब तक भटकेगी कांग्रेस?

**कमलेश पांडे**

**कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका देशव्यापी जनाधार है। लेकिन वह जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में आखिर कबतक भटकेगी, यह एक यक्ष प्रश्न है? आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे उसकी जीत कितना मुकमल कहलाएगी और स्थायी बन पाएगी, यह उससे भी ज्यादा विचारणीय पहलू है! वैसे भी जब कांग्रेस विभिन्न महत्वपूर्ण राज्यों में क्षेत्रीय दलों की वैशाखी ढूंढ़ती है या फिर मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो मुझे इसके रणनीतिकारों पर तरस आती है।**




ऐसा इसलिए कि मैंने भू-जमींदारी देखी है, जहां पर लोग अपनी जमीनें ठेके या बंटाईदारी पर देकर अनाज और पैसे दोनों लेते हैं। ठीक उसी तरह से आज कांग्रेस के रसूखदार और धन्नासेठ नेता पार्टी संगठन में पद और चुनावी टिकट देने के वास्ते %वोट% और पैसा दोनों लेते/लिवाते हैं, यह जानते हुए भी कि सामने वाला न तो उनका जनाधार बढ़ा पाएगा और न ही चुनाव जीत/जीतवा पाएगा। ऐसा वो सिर्फ इसलिए करते हैं कि सामने वाला अमीर है, वफादार है, पिछलग्गू भर है या फिर निहित समीकरण वश किसी ने उसकी सिफारिश की है। बेशक कुछ अपवाद भी हो सकते हैं, लेकिन वही जिनके नेहरू-गांधी परिवार से ठीकठाक सम्बन्ध हैं।

अब बात पते की करते हैं। जैसे एक शातिर बंटाईदार अपने भूस्वामी की भूमि पर भी कब्जा कर लेता है और इसमें जब वह असफल होता है तो जमीन मालिक से कम कीमत में उसकी रजिस्ट्री करवाना चाहता है। अनुभवहीन भूस्वामियों को ऐसा करते हुए भी देखा सुना है। ठीक इसी प्रकार लालू प्रसाद और स्व. मुलायम सिंह यादव जैसे नवसियासी बटाईदारों ने कांग्रेस के साथ किया और आज क्षेत्रीय सियासी जमींदार बन बैठे हैं। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका, क्योंकि निहित स्वार्थवश पीवी नरसिम्हाराव यही चाहते थे! उनके तिकड़म को सोनिया गांधी नहीं समझ सकीं!

वहीं, आज जब राहुल-प्रियंका गांधी की कांग्रेस की रीति नीति देखता हूँ तो इनकी राजनीतिक जमींदारी के हश्र को महसूस भी करता हूँ। कांग्रेस माने या न माने, लेकिन समाजवादी, वामपंथी और राष्ट्रवादी सियासी जमींदारों ने उसकी राजनीतिक जमींदारी को क्षत-विक्षत करने में अहम भूमिका निभाई है और हैरत की बात यह है कि वह समझ नहीं पाई और नादान बनी रही। जबकि इसके खिलाफ ठोस और जमीनी रणनीति बनानी चाहिए। जैसे कि उसके बाद जन्मी भाजपा ने किया है। माना कि सत्ता प्राप्ति के लोभ में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन यानी यूपीए/महागठबंधन की सोच तो सही है, लेकिन इनके इशारे पर कांग्रेस संगठन को हांकना कतई सही नहीं है। कांग्रेस इससे इंकार कर सकती है, लेकिन वह आज इसी की पूरी सियासी कीमत अदा कर रही है। आज वह सत्ता में नहीं है, फिर भी उन्हीं लोगों से सहारा ढूंढ रही है, जो उसकी सियासी पतन के लिए कसूरवार हैं। चूंकि मैंने एआईसीसी/बीजेपी/तीसरे मोर्चे को कवर किया है, इसलिए दावे के साथ कह सकता हूँ कि कांग्रेस के अंग्रेजी भाषी दलाल नेताओं ने उसके जमीनी नेताओं को भाजपा या क्षेत्रीय दलों में जाने के लिए अभिशप्त कर दिया। चूंकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए वो अपने व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इस बात में कोई दो राय नहीं कि किसी भी स्थापित दल को चलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय लायजनरों की जरूरत पड़ती है, लेकिन इनके निहित स्वार्थों के ऊपर यदि ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जनाधार रखने वाले नेताओं की उपेक्षा की जाएगी तो फिर वोट कहाँ से आएगा, यह सोचने की फुर्सत सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के पास नहीं होगी। अतीत पर नजर डालें तो एक जमाना था जब गांव-गांव में कांग्रेस के मजबूत शुभचिंतक थे, लेकिन पार्टी की अव्यवहारिक रीति-नीति के चलते वह इससे दूर होते चले गए। दो टूक कहें तो भाजपा में या क्षेत्रीय दलों में शिफ्ट हो गए। ऐसे में आज कांग्रेस के पास सिर्फ उन %धनपशुओं% की टोली बची है, जिनको दूसरी राजनीतिक पार्टियां कभी तवज्जो नहीं देतीं। इनका काम कांग्रेस की सत्ता और संगठन के बड़े नेताओं के शाही खर्चों का इंतजाम करना भर है और इसलिए इनके समर्थक ब्लॉक, जिला, राज्य व राष्ट्रीय संगठनों पर हावी हैं।

चूंकि इनका कोई जनाधार नहीं है और ये जनाधार वाले कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं देते, इसलिए कांग्रेस खत्म होती चली गई। वहीं, जब से क्षेत्रीय कांग्रेस के नेता अस्तित्व रक्षा के लिए बिहार में राजद प्रमुख लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव तथा उत्तरप्रदेश में सपा प्रमुख स्व. मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव जैसे मजबूत नेताओं के इशारे पर काम करने लगे, तब से पार्टी संगठन की स्थिति और अधिक दयनीय हो गई।

आलम यह है कि कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टी, जिसे देश की आजादी का श्रेय प्राप्त है, जब जनजीवन व राष्ट्रीय हितों से इतर प्रमुख जातीय, सांप्रदायिक और क्षेत्रीय समीकरणों पर खेलने लगी, तो उसकी जोड़-तोड़ से सत्ता तो बदलती रही, परंतु जनाधार छीजता चला गया। क्योंकि उसके प्रति निष्ठावान रहे प्रतिभाशाली पेशेवर, कारोबारी, प्रशासक और समाजसेवी आदि उससे दूर होते चले गए। चूंकि पहले क्षेत्रीय दलों और उसके बाद भाजपा ने उन्हें तवज्जो दी, इसलिए वो सब इनके साथ जुड़ गए, जिससे इन्हें अप्रत्याशित मजबूती मिली और कांग्रेस को कमजोरी मुबारक हुई।

अब जब कांग्रेस की ट्रू कॉपी भाजपा बनती जा रही है तो भी कांग्रेस के थिंक टैंक को असली मुद्दे समझ में नहीं आ रहे हैं। शायद उसकी इसी मनोवृत्ति पर चोट करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस को पुराने ढर्रे की राजनीति बंद करनी होगी और नए ढर्रे बनाने होंगे। अन्यथा सियासी सफलता मुश्किल है। लिहाजा कांग्रेस की इसी कमजोरी को मजबूती में बदलने का आह्वान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किया है।

हाल ही में हरियाणा और महाराष्ट्र में पार्टी और गठबंधन की हुई करारी हार के बाद हुई पहली कांग्रेस वर्किंग कमिटि की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दो टूक कहा कि अब पार्टी में जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है। क्योंकि इन दोनों ही राज्यों में महज चंद महीने पहले पार्टी का प्रदर्शन काफी संतोषजनक रहा था। लेकिन अब जो नई दुर्गति सामने आई है, वह हमें नए सिरे से सोचने पर मजबूर करती है।

बता दें कि 29 नवंबर 2024 शुक्रवार को हुई कांग्रेस के सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई की इस समीक्षा बैठक में खरगे के अलावा तमाम सीनियर नेता, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस की नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी भी मौजूद थी। हालांकि बैठक खत्म होने से पहले ही राहुल और प्रियंका निकल गए। इसी मीटिंग में मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के नेताओं के सामने जहां एक ओर इस निराशाजनक प्रदर्शन के लिए तमाम वजहों को गिनाया, वही उन्होंने ईवीएम का मुद्दा भी उठाया। खरगे का दो टूक कहना है कि पार्टी में अनुशासन की कमी और पुराने ढर्रे की राजनीति के जरिए जीत नहीं मिल सकती। क्योंकि कांग्रेस के भीतर आपसी गुटबाजी एक स्थायी भाव बन चुकी है। उन्होंने इस ओर इशारा करते हुए कहा कि आपसी एकता की कमी और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। जब तक हम एक हो कर चुनाव नहीं लड़ेंगे, आपस में एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे, तब तक अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त नहीं दे पाएंगे। इसलिए हमें हर हाल में एकजुट रहना होगा। वहीं, उन्होंने पार्टी में अनुशासन पर जोर देते हुए संकेत दिया कि पार्टी के लोग अपने स्तर पर अनुशासन में बंधें। वैसे तो पार्टी के पास अनुशासन का हथियार है, लेकिन हम नहीं चाहते कि अपने साथियों को किसी बंधन में डाले। वहीं, खरगे ने कांग्रेस की एक और बड़ी कमी की ओर इशारा करते हुए कहा कि पार्टी अपने पक्ष के माहौल को नहीं भुना पाती। उनका कहना था कि चुनावों में माहौल हमारे पक्ष में था।

# यहूदी विरोधी हमला भयानक, वीभत्स राक्षस बना मानव

**बलबीर पुंज**

सोशल मीडिया के वीडियो में दिखा है कि लोग यहूदियों को पीटते, उनका चाकुओं से पीछा करते और सार्वजनिक-निजी संपत्ति को तोडफ़ोड़ करते हुए देखा जा सकता है। कुछ यहूदी अपनी जान बचाने के लिए स्थानीय इमारतों में घुसते और नहर में कूदते भी नजर आए। मामले में 62 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि दस घायल है। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा, यह एक भयानक यहूदी विरोधी हमला है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैं बेहद शर्मिंदा हूं कि 2024 में नीदरलैंड में ऐसा हो सकता है।

बीते दिनों यूरोपीय देश नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में यहूदियों को फिलीस्तीन समर्थकों द्वारा निशाना बनाया गया। सदियों से यहूदी मजहबी कारणों से ईसाइयत और इस्लाम के निशाने पर है। इसी तरह हिंदुओं के उत्पीडऩ का भी काला इतिहास है। इन सबके सैंकड़ों नहीं, बल्कि हजारों उदाहरण और प्रमाण मौजूद है। आखिर मजहब के नाम पर व्यक्ति द्वारा अन्य इंसानों को प्रताड़ित करने के पीछे कौन-सी मानसिकता या विचारधारा है?

आखिर एम्सटर्डम में क्या हुआ था? बीते 7 नवंबर को यहां खेले में एक फुटबॉल मैच में इजराइली टीम भारी अंतर से हार गई थी। जब निराश इजराइली प्रशंसक स्टेडियम से बाहर निकले, तब फिलीस्तीन समर्थकों ने अपनी गाडिय़ों में सवार होकर उन्हें दौड़ा-दौड़कर मारना-पीटना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर इसकी कई वीडियो वायरल है, जिसमें यहूदियों को पीटते, उनका चाकुओं से पीछा करते और सार्वजनिक-निजी संपत्ति को तोडफ़ोड़ करते हुए देखा जा सकता है। कुछ यहूदी अपनी जान बचाने के लिए स्थानीय इमारतों में घुसते और नहर में कूदते भी नजर आए। मामले में 62 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि दस घायल है। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा, यह एक भयानक यहूदी विरोधी हमला है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैं बेहद शर्मिंदा हूं कि 2024 में नीदरलैंड में ऐसा हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी यहूदियों पर हमले को शर्मनाक और घृणित बताया है।

यूरोप में यहूदी-विरोधी हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। अकेले नीदरलैंड में वर्ष 2022-23 के बीच यहूदियों पर हमलों में 245 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हमास के हमले के बाद ब्रिटेन में 550 यहूदी-विरोधी घटनाएं दर्ज हुई है। फ्रांस भी इससे अछूता नहीं है। क्या इस बवाल की जड़ें केवल 7 अक्टूबर 2023 को फिलीस्तीन समर्थक हमास जिहादियों द्वारा इजराइल पर घातक आतंकवादी हमले के बाद इजराइल की अबतक जारी जवाबी सैन्य कार्रवाई (बहुपक्षीय), जिसमें 40 हजार से अधिक लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है— उसमें ही मिलती है? सच तो यह है कि यहूदियों को हालिया कारणों से ही नहीं, बल्कि मजहबी कारणों से भी उन्हें सतत उत्पीडऩ का सामना करना पड़ रहा है।

विश्व विख्यात इनसाइक्लोपीडिया %ब्रिटानिका' में अनुसार, पहली शताब्दी में ईसाइयत के विस्तार के बावजूद अधिकांश यहूदी उसे मजहब के रूप में अस्वीकार करते रहे। इसके परिणामस्वरूप, चौथी शताब्दी तक ईसाइयों ने ईसा मसीह और चर्च को अस्वीकार करने के कारण यहूदियों को अलग समुदाय मानना शुरू कर दिया। जब ईसाई चर्च रोमन साम्राज्य में प्रभावशाली हुआ, तब उसने रोमन सम्राटों को यहूदी विरोधी कानून बनाने के लिए प्रेरित किया। इनका उद्देश्य ईसाई प्रभुत्व को चुनौती देने वाले किसी भी खतरे को समाप्त करना था। इस कारण यहूदी यूरोपीय समाज में हाशिये पर धकेल दिए गए।



इस चिंतन का भयावह रूप मध्यकाल में भी दिखा। वर्ष 1466 में तत्कालीन पोप पॉल-2 के निर्देश पर क्रिसमस के दिन रोम में यहूदियों को सरेआम निवस्त्र करके घुमाया गया था। कालांतर में यहूदी पुजारियों (रब्बी) को जोकर के कपड़े पहनाकर उनका जुलूस निकाले जाने लगा। 25 दिसंबर 1881 को पोलैंड के वारसॉ में 12 यहूदियों को उन्मादी ईसाइयों ने निर्ममता के साथ मौत के घाट उतार दिया, तो कई महिलाओं का बलात्कार तक किया गया। इस प्रकार की प्रताडऩा के असंख्य उदाहरण है। यहूदी-विरोधी अभियानों ने सदियों तक यूरोप में यहूदियों के लिए असुरक्षा, उत्पीडऩ और हिंसा का माहौल बनाया, जो चर्च के समर्थन से यूरोपीय समाज और संस्कृति में गहराई तक समा गई, जिसने आगे चलकर 20वीं शताब्दी में तानाशाह एडोल्फ हिटलर जनित %होलोकॉस्ट' का रूप लिया।


हिटलर की अगुवाई में ईसाई बहुल जर्मनी ने 1933-1945 के बीच यहूदियों पर भयंकर अत्याचार हुआ था। इसे प्रारंभ में चर्च का मुखर समर्थन प्राप्त था। एक आंकड़े के अनुसार, तब लगभग 60 लाख यहूदियों (15 लाख बच्चे सहित) की हत्या कर दी गई थी। यहूदियों को जड़ से मिटाने के अपने मकसद को हिटलर ने इतने प्रभावी ढंग से अंजाम दिया कि दुनिया की एक तिहाई यहूदी आबादी खत्म हो गई। चूंकि हिटलर का जन्म एक ईसाई परिवार में हुआ था, तो क्या उसे नरपिशाची रूप से यहूदियों के नरसंहार की प्रेरणा सदियों तक चले यहूदी-विरोधी अभियानों से मिली थी?

बात यदि भारतीय उपमहाद्वीप की करें, तो वर्ष 712 में अरब आक्रांता मोहम्मद बिन कासिम ने सिंध पर हमला करके भारत में इस्लाम के नाम मजहबी दमन का सूत्रपात किया था। उसी मानस से प्रेरित होकर कालांतर में गजनी, गौरी, खिलजी, तैमूर, तुगलक, बाबर, औरंगजेब, टीपू सुल्तान आदि ने यहां की मूल सनातन संस्कृति और प्रतीकों को क्षत-विक्षत किया और ऐसा उनके मानसपुत्रों द्वारा आज भी हो रहा है। इन्हीं जिहादियों से प्रेरणा से भारत के एक तिहाई क्षेत्र पर इस्लाम का कब्जा (पाकिस्तान-बांग्लादेश) है, जहां इस्लाम-पूर्व संस्कृति के ध्वजावाहकों (हिंदू, सिख और बौद्ध) के लिए कोई स्थान नहीं है।

यही नहीं, जब उत्तर-भारत में इस्लामी प्रचार-प्रसार के नाम पर मजहबी शासकों का आतंकवाद चरम पर था, तब 16वीं शताब्दी में दक्षिण-भारत में जेसुइट मिशनरी फ्रांसिस ज़ेवियर ईसाइयत के प्रचार के लिए भारत पहुंचे थे।

# 300 करोड़ से बनेगी फिल्म सिटी

## 54 एकड़ के कैंपस में एयरपोर्ट, रेलवे-स्टेशन, वॉटरफॉल और स्नोफॉल जैसी लोकेशन, लोग बना सकेंगे रील्स





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** मुंबई, नोएडा, हैदराबाद फिल्म सिटी के तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में भी फिल्म सिटी बनेगी। रायपुर के माना इलाके में फिल्म सिटी का निर्माण होगा। इसमें एयरपोर्ट, रेलवे-स्टेशन, वॉटरफॉल और स्नोफॉल जैसे 50 से ज्यादा लोकेशन होंगे। यहां आने वाले लोग भी वीडियो और रील्स बना सकेंगे।

फिल्म सिटी को शासन ने चित्रोत्पला फिल्म सिटी नाम दिया है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अधिकारियों ने दैनिक भास्कर को बताया, कि फिल्म सिटी 54 एकड़ में बनेगी। इसके साथ ही कन्वेंशन सेंटर भी 4 एकड़ में बनेगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए 147.66 करोड़ रुपए फंड दिया है। बाकी फंड राज्य सरकार और पीपीपी मॉडल से जनरेट कर खर्च किया जाएगा। मंडल के अधिकारियों के मुताबिक, चित्रोत्पला फिल्म सिटी बनने और रनिंग करने में 300 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**डेढ़ महीने के बाद होगा टेंडर:** चित्रोत्पला फिल्म सिटी निर्माण का फंड मिलते ही प्रोजेक्ट को ग्राउंड पर लाने की तैयारी शुरू हो गई है। फंड के हिसाब से प्रपोजल तैयार किया जा रहा है। प्रपोजल पूरा होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों से स्वीकृति ली जाएगी। इसके बाद उसका टेंडर जारी किया जाएगा। इसके निर्माण का टेंडर 'ए क्लास' ठेकेदार को दिया जाएगा। प्रोजेक्ट बनने और उसकी कागजी कार्रवाई होने में डेढ़ महीने का समय लगने की बात मंडल के अधिकारियों ने बताई है।

**दर्शकों के लिए एक्सपीरियंस सेंटर:** फिल्म सिटी निर्माण में मेकर्स के साथ-साथ दर्शकों की सहूलियत का भी ध्यान रखा जा रहा है। परिसर में दर्शकों के लिए एक्सपीरियंस सेंटर का निर्माण किया जाएगा। दर्शक फिल्म मेकिंग, एडिटिंग और शूटिंग देख सकेंगे। इसके साथ ही अपना कंटेंट भी शूट कर सकेंगे। दर्शकों को रील और वीडियो बनाने में परेशानी ना हो, इसलिए वीडियो सेंटर का निर्माण भी किया जाएगा।

फिल्म की बेसिक स्ट्रक्चर में कॉस्ट्यूम डिजाइन, मेकअप, सेट-निर्माण, साज-सज्जा, कैमरा, फिल्म निर्माण उपकरण, ऑडियो प्रोडक्शन, डिजिटल पोस्ट प्रोडक्शन और फिल्म प्रोसेसिंग की व्यवस्था करने की तैयारी है।

**केंद्रीय पर्यटन मंत्री को भेजा गया था प्रपोजल:** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की पीआरओ अनुराधा दुबे ने दैनिक भास्कर को बताया, कि छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की मुलाकात हुई थी। 15 अक्टूबर को नई दिल्ली में मुलाकात कर छत्तीसगढ़ की पर्यटन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई थी।

**केंद्रीय पर्यटन मंत्री के पास रखे गए थे कई प्रस्ताव:** मुलाकात में मंडल के प्रबंध संचालक ने रायपुर में फिल्म सिटी, कन्वेंशन सेंटर, वेलनेस रिसॉर्ट और नेचर सिटी के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पेश किए थे। प्रस्ताव पर चर्चा के बाद फिल्म सिटी और कन्वेंशन सेंटर निर्माण के लिए केंद्र सरकार से 147.66 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

**फिल्म सिटी बनने के बाद बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार:** मंडल के अधिकारियों का अनुमान है कि, जब बड़े-बड़े प्रोडक्शन हाउस प्रदेश में आएंगे तो स्थानीय कलाकारों को भी मौका मिल सकता है। साथ ही यहां रोजगार भी बढ़ेगा। फिल्म सिटी बनने के बाद पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा होगा।

## शिक्षक भर्ती निरस्त करने 7 दिन का अल्टीमेटम

# हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार, कहा- नई लिस्ट जल्द करें जारी



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में विवादित सहायक शिक्षक भर्ती को लेकर दायर अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच ने राज्य शासन को फटकार लगाई है। उन्होंने 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। नई चयन सूची जारी कर कोर्ट में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। केस की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।

दरअसल, राज्य शासन ने नियमों को दरकिनार कर बीईडी डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षकों के पद पर नियुक्ति दे दी है। मामले में डीएलएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों की याचिका पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती को अवैध बताया है। कोर्ट ने अयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त करने का आदेश दिया है। इसके बाद भी राज्य शासन ने अब तक नियुक्ति निरस्त नहीं की है। डीएलईडी अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं की है। इसी को लेकर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है।

**परेशान उम्मीदवारों ने लगाई अवमानना याचिका:** शासन के रवैए के खिलाफ डीएलएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में न्यायालय की अवमानना याचिका दायर की। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा था कि 21 दिनों के भीतर बीएड अभ्यर्थियों को बाहर कर केवल डीएड अभ्यर्थियों की नई चयन सूची तैयार कर कोर्ट में पेश की जाए।

**हाईकोर्ट ने शासन को दिया अंतिम मौका:** हालांकि, तय समय सीमा बीतने के बाद भी सूची जमा नहीं की गई। जिस पर मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। वकील के तर्कों को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि, केवल समय बर्बाद किया जा रहा है। अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार को अंतिम अवसर दिया है।

**शासन का बहाना, व्यापम ने नहीं भेजी है सूची:** सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि चयन सूची तैयार करने के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल को पत्र भेजा गया है, लेकिन मंडल ने अब तक सूची नहीं भेजी है। साथ ही, पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का भी उल्लेख किया गया। इस पर हाईकोर्ट ने सरकार को सात दिन के भीतर डीएड अभ्यर्थियों की नई चयन सूची तैयार कर पेश करने का निर्देश दिया है।

# युवक की मौत का लाइव वीडियों, मिनी पिकअप के ड्राइवर ने अचानक खोला गेट, टकराते ही हाईवा के नीचे आया बाइक सवार युवक




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बाइक सवार युवक की मौत का लाइव सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। मिनी पिकअप के ड्राइवर ने अचानक गेट खोल दिया। जिससे बाइक सवार टकराकर हाईवा के पहिए के नीचे आ गया। उसकी तुरंत जान चली गई। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र में हुई है।

दरअसल, कोटा के पिपरतराई निवासी संजय कुर्रे (25) पिता सोन दास कुर्रे सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा था। पिछले गुरुवार की दोपहर वो सीपत चौक से राजकिशोर नगर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान अशोक नगर चौक के पास हाईवा ने उसे कुचल दिया।

**मौत का लाइव सीसीटीवी वीडियो आया सामने:** हादसे में युवक की मौत के बाद पुलिस की जांच में एक सीसीटीवी मिला। जिसमें युवक हाईवा से कुचलाते हुए दिख रहा है। शुरुआती जांच में माना जा रहा था कि, हाईवा चालक की लापरवाही है। लेकिन, वीडियो सामने आने के बाद मिनी पिकअप के ड्राइवर की लापरवाही सामने आई है।

**ड्राइवर ने खोला गेट, टक्कर लगते ही बाइक से गिरा युवक:** वीडियो में दिख रहा है कि, सड़क किनारे भीड़-भाड़ जगह पर मिनी पिकअप आकर रुका। इस दौरान उसके ड्राइवर ने पीछे देखे बिना ही अचानक गेट खोल दिया। इस बीच पीछे से बाइक सवार युवक आ रहा था। वो गेट से टकरा कर बाइक से नीचे गिर गया। इस दौरान पीछे से आ रहे हाईवा के पहिए के नीचे दब गया।

**शहर में बदहाल है ट्रैफिक व्यवस्था:** बता दें कि, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल है। एक तरफ नो एंट्री में बेधड़क भारी वाहन दौड़ रहे हैं। वहीं, बेतरतीब तरीके से सड़क किनारे दो पहिया और चार पहिया वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिन्हें हटाने या चालानी कार्रवाई करने के लिए पुलिस सामने नहीं आती है। सीपत चौक से लेकर राजकिशोर नगर चौक तक सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण ही जाम की स्थिति बनी रहती है।

# सुन्नी जामा मस्जिद हनफिया गौसिया, मनेन्द्रगढ़ का मतदान 16 जनवरी 2025 को

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड, रायपुर के पत्र क्रमांक/पंजीयन/1197/2024, 29 अक्टूबर 2024 के माध्यम से तहसीलदार एवं निर्वाचन अधिकारी मनेन्द्रगढ़ के पत्र क्रमांक/820/तह/निर्वा/2024, 29 नवंबर 2024 के तहत सुन्नी जामा मस्जिद हनफिया गौसिया सुन्नी रजाए मुस्तफा कमेटी, मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई है। चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का समय 9 दिसंबर 2024 से 20 दिसंबर 2024 तक रहेगा। यह कार्य प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा, जिसका स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मनेन्द्रगढ़ (नीला ड्रेस) है। मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे होगा, जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मनेन्द्रगढ़ (नीला ड्रेस) में किया जाएगा। दावा-आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया 23 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक चलेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 2 जनवरी 2025 को सुन्नी जामा मस्जिद हनफिया गौसिया, सुन्नी रजाए मुस्तफा कमेटी, मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी में किया जाएगा।

नामांकन फार्म लेने और जमा करने की तिथि 3 जनवरी 2025 से 7 जनवरी 2025 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक निर्धारित की गई है। नाम वापसी की प्रक्रिया 8 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पूरी की जाएगी। स्क्रूटनी और चुनाव चिन्ह का आबंटन 9 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। चुनाव का आयोजन 16 जनवरी 2025 को गुरुवार के दिन किया जाएगा। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मंगल भवन, मौहारापारा, मनेन्द्रगढ़ में होगा। सभी प्रकार के फार्म शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मनेन्द्रगढ़ (नीला ड्रेस) से प्राप्त किए जा सकते हैं।

# पुलिसकर्मियों ने व्यापारियों को पीटा

## रात में दुकान बंद कराने को लेकर भांजी लाठियां, लोगों ने घेरा थाना, बोले- नशे में थे पुलिसकर्मी




**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** सरगुजा जिले के सीतापुर में शुक्रवार रात गश्त पर निकली पुलिस टीम ने नगर पंचायत कार्यालय के पास देर तक दुकान खोले रखने का आरोप लगाकर 6 से अधिक व्यापारियों की पिटाई कर दी। आक्रोशित लोग रात को ही थाने पहुंच गए। एफआईआर दर्ज नहीं करने पर शनिवार को थाने का घेराव कर नारेबाजी की। आरोप है कि मारपीट करने वाले कर्मचारी नशे में थे।

जानकारी के मुताबिक, सीतापुर थाने के एसआई राजेंद्र सिंह के साथ हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबलों की टीम रात्रि गश्त करते हुए नगर पंचायत के पास पहुंची। जहां कुछ दुकानें खुली थीं। पुलिसकर्मियों ने रात 10 बजे तक दुकान खोले रखने का आरोप लगाकर व्यापारियों की पिटाई शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने शासकीय शराब दुकान के कर्मचारी हरि सोनी, पान ठेला व्यवसायी शेखर सोनी, बिरयानी सेंटर के अविनाश कंसारी और अन्य व्यापारियों की डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पुलिस की मारपीट में झारखंड से सगाई समारोह में शामिल होने आया युवक भी घायल हो गया, जो अपने रिश्तेदार से मिलने उसके दुकान पर पहुंचा था। उसका हाथ भी फ्रैक्चर हो गया।

**थाने पहुंचे, भाग निकले पुलिसकर्मी:** घटना से आक्रोशित लोग बड़ी संख्या में थाने पहुंच गए। व्यापारियों ने कहा कि, सभी पुलिसकर्मी नशे में धुत थे। सभी का मुलाहिजा कराया जाए और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। सीतापुर एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने बताया कि, सभी पुलिसकर्मी भाग गए हैं। उनका मुलाहिजा नहीं कराया जा सकता है। उन्होंने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**सुबह घेरा थाना, जमकर हंगामा:** शनिवार सुबह बड़ी संख्या में लोग सीतापुर थाने पहुंचकर घेराव कर दिया। नागरिकों ने मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी ही। मामले को लेकर कई घंटे से सीतापुर थाने में हंगामा जारी है। एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। एसडीओपी मंडावी ने कहा कि स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# सरकारी नौकरी के नाम पर 21 लाख ठगे

**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव एजेंसी।** कोंडागांव में महिला एवं बाल विकास विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली आरोपी मेवा चोपड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साल 2019 में मेवा चोपड़ा ने कई लोगों से नौकरी लगवाने का झांसा देकर 21 लाख रुपए ठग लिए थे। पीड़ितों की शिकायत पर थाना कोंडागांव में मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उनके और उनके रिश्तेदारों से नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख रुपए लिए थे। नौकरी नहीं लगने पर पैसे लौटाने से भी इनकार कर दिया। मामले की जांच के लिए कोंडागांव पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने ठगी की बात स्वीकार की।

# 10 महीने में 12 हजार हादसे, 5500 की मौत

## 70% बाइकर्स की गई जान, रायपुर, बिलासपुर समेत 7 जिलों में सबसे ज्यादा एक्सीडेंट



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। जनवरी से अक्टूबर 2024 तक पिछले दस महीने में प्रदेश में 12 हजार सड़क हादसे हुए हैं। इनमें 5500 लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों के मुताबिक सड़क हादसे में साढ़े 9 हजार दोपहिया चालक घायल हुए हैं, जबकि करीब पांच हजार लोगों की मौत हुई है। अधिकांश सड़क हादसे दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे के बीच हुए हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह थकान और हड़बड़ी को माना गया है। सड़क दुर्घटना में 49 फीसदी हादसे 7 जिलों हुए हैं। इनमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, महासमुंद और बलौदाबाजार जिला शामिल है।

**70 फीसदी मौत दोपहिया चालक सवारों की:** सड़क हादसों में सबसे ज्यादा 70 फीसदी मौत बाइक सवार की होती है। हादसे का शिकार होने वालों में पैदल यात्री 15.48 फीसदी, ट्रैक्टर 3.43 फीसदी, कार सवार 2.95 फीसदी, साइकिल सवार 2.73 फीसदी, मालवाहक 2.18 फीसदी, ट्रक-ट्रेलर -2.04 फीसदी, हल्के सवारी वाहन से 0.83 फीसदी और सबसे कम बस 0.73 फीसदी की मौत हुई है।

**स्कूली पाठ्यक्रम में भी ट्रैफिक नियम शामिल:** स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के स्कूलों में कक्षा पहली से दसवीं तक के कोर्स में ट्रैफिक नियमों को शामिल किया है। राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने पाठ्य पुस्तकें तैयार की हैं। इनमें सड़क यातायात नियमों से संबंधित अध्याय पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं। यातायात व्यवस्था का इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में किया जा रहा है। भिलाई और दुर्ग में यह व्यवस्था आंशिक रूप से है। सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक 101 ब्लैक स्पॉट और 748 जंक्शन के सुधार किए गए हैं।

**नेताम और राजवाड़े के हादसे का शिकार होने के बाद सरकार की सख्ती:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली। उन्होंने कहा कि हादसे रोकने के लिए हाईवे पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट, चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट का उपयोग जरूरी किया जाए।

गाड़ी चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। दरअसल, हाल ही में मंत्री रामविचार नेताम और लक्ष्मी राजवाड़े हादसे का शिकार हुए थे, जिसके बाद सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। इसके लिए जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। हादसे रोकने ब्लैक स्पॉट जल्द सुधारने को कहा है।

## अब फोन पर 5000 बसों की मिलेगी जानकारी

# पहली बार 'बस संगवारी ऐप' शुरू, इसमें टाइमिंग, रूट घर बैठे पता चलेगा

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** आम लोगों को फ्लाइट और ट्रेन की जानकारी तो फोन पर मिल जाती है। लेकिन कौन सी बस कब कहां पहुंचेगी। इसका पता नहीं चल पाता। छत्तीसगढ़ में इसे जानने के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं थी। पहली बार सरकार ने एक ऐसा ऐप जारी किया है जिसमें घर बैठे लोगों को अपने मोबाइल फोन पर बस की जानकारी मिलेगी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के 80% हिस्सों की यात्रा आम लोग बस के जरिए ही पूरी करते हैं। प्रदेश में चंद शहरों में ही ट्रेन कनेक्टिविटी है। ऐसे में बस प्रदेश के पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अहम जरिया है। अब इस ऐप के शुरू होने से लोगों को नई सुविधा मिल सकती है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में इस एप को लॉन्च किया। एप का नाम है 'बस संगवारी एप' । ष्टरूसाय ने इस बस संगवारी एप को लेकर कहा- बस यात्रियों, विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक होगा।

निकट भविष्य में इस एप के माध्यम से अंतरराज्यीय बसों के परिवहन और बसों के रियल टाइम ट्रेकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अभी यात्रियों को बस की टाइमिंग पता करने के लिए बस स्टैण्ड या बस स्टॉप पर जाना पड़ता है। लोगों की इस परेशानी का समाधान इस ऐप के जरिए मिल सकेगा।

**प्ले स्टोर पर है ऐप:** छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग का ये एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकेगा। इस एप में 5 हजार से अधिक बसों को शामिल किया गया है, जो अलग-अलग रूट में चलती हैं। जल्द ही दूसरे स्टेट जाने वाली बसों की जानकारी भी इसमें मिलेगी। बसों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है। बस संगवारी ऐप को जीपीएस के साथ जोड़ा गया है ट्रेन की तरह बसों की लाइव ट्रेकिंग भी की जा सकेगी।

# 151 कन्याओं का पैर पखार कर साधु-संतों ने की पूजा

## भैरव जयंती महोत्सव, 9 दिनी आयोजन में के अंतिम दिन हुआ महाभंडारा, हजारों भक्त हुए शामिल





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जिले के पौराणिक नगर रतनपुर में भैरव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। 9 दिवसीय इस आयोजन के अंतिम दिन 151 कन्याओं का पूजन किया गया। इस दौरान अलग-अलग जगहों से आए साधु-संतों के साथ ही भक्तों ने उनका पैर पखार कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की, जिसके बाद कन्या भोज कराया गया।

भैरव सिद्ध तंत्र पीठ के महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि भैरव महोत्सव के दौरान लगातार नौ दिनों तक मंदिर परिसर में हवन-पूजन के साथ विशेष अनुष्ठान किया गया, जिसमें शामिल होने के लिए देश के अलग-अलग पीठ से साधु-संत शामिल हुए। इसके साथ ही हजारों ने भक्तों ने अपने मनोकामना की पूर्ति के लिए तांत्रिक अनुष्ठान भी कराया। शुक्रवार को भैरव महोत्सव का समापन हुआ।

**ब्राह्मण भोज के साथ महाभंडारा का आयोजन:** महंत अवस्थी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पहुंचे साधु-संतों का आभार जताया। इसके साथ ही अंतिम दिन भैरव बाबा का राजश्री श्रृंगार कर विशेष पूजा आराधना की गई। हवन-अनुष्ठान के बाद 31 ब्राह्मणों का भोज हुआ। इसके साथ ही महाभंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण की कामना से भगवान भैरव बाबा मंदिर में नौ दिनों तक विशेष हवन अनुष्ठान किया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप पं. दिलीप दुबे, पं कान्हा तिवारी, पं. महेश्वर पाण्डेय, पं. राजेंद्र दुबे, पं. राजेशवर मिश्रा, विक्की अवस्थी, सोनू, आचार्य गिरधारी लाल पाण्डेय, पं. अवनीश मिश्रा, पं. बल्ला दुबे, पं. गौरीशंकर तिवारी, पं. राम सुमित तिवारी , यशवत पाण्डेय जुटे रहे।

# दुकान से 2 मोबाइल चुराकर भागी 2 लड़कियां

**बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मोबाइल खरीदने पहुंची 2 लड़कियां दुकान संचालक को उलझाकर 2 महंगे मोबाइल लेकर 15 सेकंड में भाग निकली। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें वह अपनी सहेली के साथ भागती हुई नजर आ रही है। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है। पहले युवती मोबाइल शॉप में अकेली गई। उसकी सहेली बाहर स्कूटी पर ही बैठी रही। जैसे ही दुकान के अंदर से मोबाइल लेकर युवती निकली, स्कूटी स्टार्ट कर दोनों फरार हो गईं। दुकान संचालक महिला और कर्मचारी युवती को बाहर निकलकर देखते रह गए।

**मोबाइल के अलग-अलग मॉडल देख रही थी:** दुकान संचालक के मुताबिक तिफरा ओवरब्रिज के पास अजीज मोबाइल शॉप हैं। बीते गुरुवार को एक युवती मोबाइल खरीदने के बहाने दुकान पहुंची। उस समय दुकान में संचालक शाहिदा परवीन और कर्मचारी मौजूद थे।

# आईसीसी बोर्ड की बैठक स्थगित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर शुक्रवार को होने वाली आईसीसी की बैठक स्थगित हो गई है। आईसीसी की बैठक वर्चुअल तरीके से होने वाली थी और इसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर कोई हल निकलने की संभावना थी। भारत के पाकिस्तान में टूर्नामेंट में खेलने के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया है जिसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम संबंधित समस्याओं को सुलझाने के लिए आईसीसी ने शनिवार को कार्यकारी सदस्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हाइब्रिड मॉडल का विरोध कर रहा है। इस दौरान उसने आईसीसी को सलाह दी थी कि चैंपियंस ट्रॉफी आयोजित करने के लिए कोई अन्य विकल्प ढूंढा जाए। पाकिस्तान बोर्ड का मानना है कि हाइब्रिड मॉडल में खेलने का मतलब भारत को तरजीह देना होगा।

इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा कि, इस समय हाइब्रिड मॉडल सबसे अच्छा विकल्प है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में शामिल सभी पक्ष टूर्नामेंट के हित में समझदारी भरा फैसला लेंगे। भारत और पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट का आयोजन करना अच्छा नहीं है। आईसीसी के सदस्य पीसीबी को ये समझने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी की चमक फीकी पड़ जाएगी और सबसे अहम बात ये है कि इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा। भारत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान का दौरान नहीं किया है जिसमें 150 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

# साउथ अफ्रीका के तीन खिलाड़ी मैच फिक्सिंग के मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका क्रिकेट में भूचाल मच गया है। दरअसल, दुनिया के पूर्व नंबर 1 गेंदबाज लोनवाबो सोतसोबे को मैच फिक्सिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। उनके अलावा थामी सोलेकिले और टाइटन्स के पूर्व गेदंबाज इथी मभालती भी गिरफ्तार हुए हैं। 2015-16 रैम स्लैम टी-20 मैच फिक्सिंग कांड में तीनों की गिरफ्तारी हुई है।

तीनों पर भ्रष्ट गतिविधियों की रोकथाम और उनका मुकाबला करने संबंधी अधिनियम 2004 की धारा 15 के तहत भ्रष्टाचार के पांच मामलों में आरोप लगाए गए हैं। धारा 15 खेल आयोजनों से संबंधित भ्रष्ट गतिविधियों से संबंधित है। तीनों पर मैचों में हेरफेर करने के लिए रिश्वत लेने या देने का आरोप है, जिससे खेल की अखंडता प्रभावित होती है।




आरोपों की जांच डायरेक्टरेट ऑफ प्रायोरिटी क्राइम इन्वेस्टिगेशन द्वारा की गई, जिसे हॉक्स के नाम से जाना जाता है। ये संघठित और आर्थिक अपराधों से निपटने के लिए साउथ अफ्रीकी पुलिस सेवा की एक शाखा है। ये आरोप 2015-16 के रैम स्लैम चैलेंज के मैच फिक्सिंग मामले से जुड़े हैं।

ये तीन खिलाड़ी उन सात खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें घरेलू टी20 टूर्नामेंट के दौरान मैच फिक्स करने के प्रयासों में शामिल होने के लिए 2016 और 2017 में क्रिकेट साउथ अफ्रीका द्वारा प्रतिबंधित किया गया था। बता दें कि, गुलाम बोदी पहले ही जेल में समय बिता चुके हैं जबकि जीन सिस्म और पुमी मात्शिकवे को 2021 और 2022 में दोषी ठहराए जाने के बाद निलंबित सजा दी गई थी। सोतसोबे, सोलेकिले और मभालती के खिलाफ मामले फरवरी 2025 तक स्थगित कर दिए गए हैं। सातवें खिलाड़ी अल्वीरो पीटरसन के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के बारे में कोई विवरण नहीं है। सभी सात खिलाड़ियों को सीएसए द्वारा दो से 12 साल के बीच का प्रतिबंध भी लगाया गया था।

# पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन का बेहतरीन प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार शटलर पीवी सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट के महिला सिंग्लस में अपनी हमवतन ईरा शर्मा को तीन गेम में हराकर क्वार्टरफाइनल में एंट्री कर ली है। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट और दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को 147वें नंबर की खिलाड़ी ईरा के खिलाप दूसरे कौर के मुकाबले में 21-10, 12-21, 21-15 से जीत दर्ज करने के दौरान 49 मिनट तक जूझना पड़ा। सिंधू पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रही हैं और उन्होंने पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन में जीता था। ये 29 वर्षीय भारतीय अगले दौर में चीन की दुनिया की 118वें नंबर की खिलाड़ी डाइ वैंग से भिड़ेंगी। वैंग ने दूसरे दौर में भारत की देविका सिहाग को 19-21 21-18 21-11 से हराया। शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने हालांकि, पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में इजराइल के दानिल डुबोवेंको के खिलाफ सीधे गेम में 35 मिनट में 21-14 21-13 की जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई। लक्ष क्वार्टर फाइनल में मेइराबा लुवांग के खिलाफ खेलेंगे जिन्होंने आयरलैंड के छठे वरीय एनहाट एनगुएन को 21-15 21-13 से हराया। पुरुष एकल के अन्य मुकाबलों में भारत के आयुष शेट्टी ने मलेशिया के होह जस्टिन को 21-12 21-19 से हराया जबकि तीसरे वरीय किरण जॉर्ज को जापान के शोगो ओगावा के खिलाफ 21-19 20-22 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# पाकिस्तान के खिलाफ फ्लॉप रहे वैभव सूर्यवंशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के बाद से काफी चर्चा में हैं। वहीं वैभव ने भारत और पाकिस्तान के बीच मैच में एक खास रिकॉर्ड बनाया। अंडर-19 एशिया कप 2024 का आयोजन यूएई में हो रहा है। वैभव ने इसी के एक मैच में रिकॉर्ड बनाया। वे अंडर-19 टीम इंडिया के लिए वनेड मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पीयूष चावला और कुमार कुशाग्र का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

दरअसल, अंडर-19 एशिया कप 2024 का आयोजन यूएई में हो रहा है। टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में वैभव भारत के लिए ओपनिंग करने आए। हालांकि, वे महज 1 रन बनाकर आउट हो गए। वैभव इस मुकाबले में उतरने के बाद भारत के लिए अंडर-19 वनडे मैच खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गई हैं।

भारत के लिए सबसे कम उम्र में अंडर-19 वनडे मैच खेलने का रिकॉर्ड पीयूष चावला के नाम दर्ज था। चावला ने 2003 में 14 साल और 311 दिन की उम्र में वनडे खेला था।

# चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत सरकार का बड़ा बयान, पाकिस्तान को दिया अल्टीमेटम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर आईसीसी की आज अहम बैठक कर रही है। जिसमें अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यक्रम को लेकर मुक्य चर्चा करने वाली है तो दूसरी ओर भारत सरकार की ओर से पहली बार पूरे मामले पर बयान आया है। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है और बीसीसीआई ने आईसीसी को बता दिया है कि वह टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। पाकिस्तान दूसरी तरफ टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित नहीं करने पर अड़ा हुआ है।

आईसीसी बोर्ड की बैठक वर्चुअल तरीके से होगी और इसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर कोई हल निकलने की संभावना है। आईसीसी के फैसले से ठीक पहले भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक लाइन में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ-साफ लहजे में कहा कि, बीसीसीआई ने बयान जारी किया है।

बोर्ड के अनुसार, पाकिस्तान में सुरक्षा संबंधित दिक्कते हैं, इसलिए टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी। हम इसी पर कायम हैं। इस बीच आईसीसी के सदस्य पीसीबी को ये समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी की चमक फीकी पड़ जाएगी और सबसे अहम बात ये है कि इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा। वहीं इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि, इस समय हाइब्रिड मॉडल सबसे अच्छा विकल्प है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में शामिल सभी पक्ष टूर्नामेंट के हित में समझदारी भरा फैसला लेगें। भारत और पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट का आयोजन करना अच्छा नहीं है। टूर्नामेंट के मुख्य प्रसारक जियो स्टार ने पहले ही आईसीसी के टॉप अधिकारियों से संपर्क कर कार्यक्रम के बारे में आखिरी निर्णय पर पहुंचने में हो रही देरी पर अपनी निराशा व्यक्त की है। आईसीसी और प्रसारणकर्ता के बीच हुए अनुबंध के अनुसार संचालन संस्था से अपेक्षा की गई थी कि वह टूर्नामेंट का कार्यक्रम कम से कम 90 दिन पहले दे, लेकिन ये समय सीमा पहले ही पार कर ली गई है।

## आईपीएल के बाद अब डब्ल्यूपीएल ऑक्शन की बारी

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन की शुरुआत अगले साल 23 फरवरी से होने वाली है। वहीं आगामी टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की मिनी नीलामी अगले महीने 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। इसके लिए बीसीसीआई ने लीग की पांचों फ्रेंचाइजी को इससे जुड़ी वेन्यू और तारीख के बारे में इनफॉर्म कर दिया है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 23 फरवरी को महिला प्रीमियर लीग का आगाज होगा। मुकाबले दो शहरों बेंगलुरु और दिल्ली में खेले जाएंगे। हर टीम के पास 18 खिलाड़ी होते हैं और टीमें 15 करोड़ तक खर्च कर सकती हैं। हर स्क्वॉड में ज्यादा से ज्यादा 6 विदेशी खिलाड़ियों को शामिल करने की अनुमति है। रिटेंशन के बाद गुजरात जायंट्स के पास 4.4 करोड़ रुपये का अधिकतम पर्स है, जिसमें चार स्लॉट भरने हैं। लीग के शुरुआती 11 मैच बेंगलुरु खेले जाएंगे। सीजन का पहला मैच मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा।

# विश्व कप में पदक लंबे समय से नहीं जीत पाए हैं, इसे हासिल करना चाहता हूं-हरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पास दो ओलंपिक कांस्य पदक हैं, लेकिन उन्हें विश्व कप में पदक नहीं जीत पाने का मलाल है और वह इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और अजीत पाल की अगुवाई में 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस खेलों में वह टीम के कप्तान भी थे। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे।


हरमनप्रीत ने पीटीआई से कहा,''हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत सकते हैं।'' उन्होंने कहा,''हमारा तात्कालिक लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के मैच हैं। हम एशिया कप में जीत दर्ज करते विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना चाहते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं।''

हरमनप्रीत ने कहा,''उम्मीद है कि हम अपने करियर के दौरान उन सुनहरे दिनों को फिर से जी सकेंगे। जब तक हम इसे हासिल नहीं कर लेते, हम हार नहीं मानेंगे।'' जहां तक हरमनप्रीत के व्यक्तिगत लक्ष्य की बात है तो वह अपने ड्रैग-फ्लिक कौशल को बेहतर बनाना चाहते हैं और अपने करियर को लंबा करने के लिए फिट रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा,''ड्रैग-फ्लिक दिन प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है और मेरा लक्ष्य अपने कौशल में लगातार सुधार करना और फिट बने रहना है।''

उन्होंने अपने करियर को सवांरने का श्रेय हरेंद्र सिंह को दिया जो वर्तमान में भारतीय महिला टीम के कोच है। उन्होंने कहा कि महिला टीम की स्टार फारवर्ड दीपिका सुरक्षित हाथों में है। भारतीय पुरुष टीम के कप्तान ने कहा,''दीपिका शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने बिहार के राजगीर में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। वह एक अच्छी ड्रैग-फ्लिकर और फारवर्ड हैं जो गोल कर सकती हैं। वह हैरी (हरेंद्र) सर के नेतृत्व में सुरक्षित हाथों में हैं। मैं उन दिनों को कभी नहीं भूलूंगा जब हैरी सर ने मेरी मदद की थी।

# पिंक बॉल टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, जोश हेजलवुड चोट के कारण हुए बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। जिसका पहला टेस्ट भारत ने जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। वहीं दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड में 6 दिसंबर से खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले मेजबान टीम को एक के बाद एक कई झटके लग रहे हैं। दरअसल, मिचेल मारश की फिटनेस को लेकर चिंताओं के बीच दिग्गज तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पिंक बॉल टेस्ट से बाहर हो गए हैं। हेजलवुड ने पर्थ टेस्ट में 5 विकेट झटके थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हेजलवुड की जगह पर खेलने वाले खिलाड़ी के नाम की घोषणा कर दी है। सीए ने कहा कि सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट को 6 दिसंबर एडिलेड ओवल में होने वाले डे-नाइट टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, स्कॉट बोलैंड को हेजलवुड के स्थान पर प्लेइंग-11 में शामिल किए जाने की ज्यादा संभावना है। बोलैंड ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2024 के फाइनल में भारत के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी। वह जुलाई 2023 के बाद कोई टेस्ट मैच नहीं खेले हैं। हेजलवुड का न होना ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा झटका है। दाएं हाथ का ये तेज गेंदबाज पर्थ टेस्ट में पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। उन्होंने पारी कमें 29 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। भारत 150 रन पर आउट हो गया था। दूसरी पारी में 21 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिए। पिछली बार जब भारत एडिलेड में खेला था, तब भी ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हेजलवुड थे। उन्होंने पांच ओवर में 8 रन देकर 5 विकेट झटके थे। भारत 36 पर पर आउट हो गया था।




# ईसीबी ने दिया पाकिस्तान को बड़ा झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। ईसीबी ने अपने खिलाड़ियों के पाकिस्तान सुपर लीग में खेलने पर बैन लगा दिया है। दरअसल, एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। पीएसएल और इंग्लैंड के घरेलू सीजन का आयोजन टकराता है। ऐसे में इंग्लैंड के लिए खिलाड़ियों की उपलब्धता चुनौती बनती है। बताया जा रहा है कि ईसीबी ने यही दिक्कत दूर करने के लिए पीएसएल में खेलने की इजाजत नहीं देने का फैसला किया है। हालांकि, आईपीएल को लेकर कोई परेशिान नहीं है। इंग्लैंड ने हाल ही में आईपीएल के अगले तीन सीज के लिए अपने खिलाड़ियों की पूरी उपलब्धता की पुष्टी की है।

द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लिश खिलाड़ियों को आईपीएल के अलावा पीएसएल और दुनिया की अन्य फ्रेंचाइजी लीगों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जो गर्मियों में घरेलू सीजन के साथ टकराती हैं।



रिपोर्ट में कहा गया है कि, ईसीबी खिलाड़ियों को वाइटैलिटी ब्लास्ट और हंड्रेड के साथ टकराने वाले किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं देगा। बोर्ड ने पुष्टि की है कि खिलाड़ियों को भ्रष्टाचार के संदेह वाली लीग से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और उन्हें डबल डिपिंग से रोका जाएगा। एक ही समय में होने वाली किसी अन्य प्रतियोगिता से बाहर होने के बाद एक नए टूर्नामेंट में जाने से रोका जाएगा। नई नीति के तहत जो इंग्लिश खिलाड़ी अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट नहीं खेलते हैं उन्हें भी इंग्लिश घरेलू व्हाइट-बॉल खेलों को मिस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईसीबी के मुख्य अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि हमें अपने खेल और अपनी प्रतियोगिताओं की मजबूती की रक्षा करने की आवश्यकता है। ये नीति खिलाड़ियों और पेशेवर काउंटियों को अनापत्ति प्रमुण पत्र जारी करे के हमारे दृष्टिकोण के बारे में स्पष्टता प्रदान करती है। ये हमें उन खिलाड़ियों का समर्थन करने के बीच सही संतुलन बनाने में सक्षम बनाएगी जो कमाने और अनुभव प्राप्त करने के मौके लेना चाहते हैं।

# वृद्ध दंपति पर हमला कर लूटने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## चित्रकूट के भगड़ा गांव में आधी रात घर में घुसकर दिया था वारदात को अंजाम



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** घर में सो रहे वृद्ध दंपति के साथ आधी रात मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार माह से फरार चल रहे चार आरोपियों को थाना चित्रकूट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, चित्रकूट थाना क्षेत्र के ग्राम भगडा में बीते जुलाई माह की एक तारीख की रात मइया दीन पटेल उर्फ गप्पू और उसकी पत्नी मुन्नी देवी पर जानलेवा हमला कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 4 आरोपियों को चित्रकूट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपियों में जीतेन्द्र उर्फ जीतू यादव पिता राम सनेही यादव (20) निवासी ग्राम गुरदहा थाना मौदहा जिला हमीरपुर उप्र ,सतीश यादव उर्फ दद्दू यादव पिता श्रीराम यादव (24) निवासी ग्राम गुरदहा थाना मौदहा जिला हमीरपुर उप्र, रघुवीर प्रजापति पिता पुन्ना प्रजापति (18) निवासी ग्राम पतवनिया थाना चित्रकूट जिला सतना मप्र एवं जानकी प्रसाद प्रजापति पिता गुलाब चन्द्र प्रजापति (22) निवासी ग्राम पतवनिया थाना चित्रकूट जिला सतना मप्र शामिल हैं।

**जेवर व नकदी लूटे:** एसडीओपी रोहित राठौर ने बताया कि एक जुलाई की रात मुन्नी देवी और उसका पति मइयादीन उर्फ गप्पू पटेल ग्राम भगड़ा स्थित अपने घर में सो रहे थे। तभी रात 12-1 बजे के बीच चार बदमाश उनके घर आ धमके। उन्होंने मइयादीन के ऊपर चाकू, लाठी और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। पति के चिल्लाने पर जब पत्नी मुन्नी देवी उसे बचाने पहुंची तो बदमाशों ने उसके साथ भी मारपीट की। आधी रात घर मे घुसकर वृद्ध दम्पति पर हमला करने के बाद बदमाशों ने घर से जाते समय मइयादीन का मोबाइल फोन, दो मुन्नी देवी के नाक की कील, पायल व 2 हजार रुपए की नगदी लूट ली।

चित्रकूट थाना पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा धारा 109, 115, 118(1), 351(3), 332(ख), 309(6), 311 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान साइबर सेल की भी मदद ली गई। सबसे पहले पुलिस के हाथ रघुबीर प्रजापति निवासी पतमनिया लगा। उससे हुई पूछताछ के जरिये यूपी के हमीरपुर के दो आरोपियों समेत उसके तीन और साथी पकड़े गए।

## कलेक्टर ने सीडीपीओ समेत 3 का वेतन रोका

### स्कूल के औचक निरीक्षण में मिली कमियां, विद्यालय 2 पाली में लगाने के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने जिले के रामनगर विकासखण्ड अंततर्गत मझटोलवा स्कूल के सीडीपीओ, सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक माह के वेतन पर रोक लगा दी है।

स्कूल में कमरे कम होने की वजह से एक ही कमरे में एक साथ 2 क्लास लगती पाई गई। इतना ही नही आंगनबाड़ी में बच्चो को न तो पका नाश्ता दिया जा रहा था और न ही गर्म भोजन मिल रहा था। इस दौरान एसडीएम अमरपाटन आरती सिंह भी मौजूद रही।

**विद्यालय 2 पाली में लगाने के निर्देश:** विद्यालय के औचक निरीक्षण के बाद जिला मुख्यालय आते ही कलेक्टर ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को मझटोलवा माध्यमिक विद्यालय में कमरों की कमी को देखते हुए 2 पालियों में स्कूल संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीडीपीओ, सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक माह का वेतन रोकते हुए मध्यान्ह भोजन सप्लाई करने वाले समूह को भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# ग्रामोदय को पूर्व छात्रों ने दिए 5 लाख रुपए

## एलुमिनी फंक्शन में आए इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के पूर्व छात्र





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** चित्रकूट स्थित महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के एलुमिनी फंक्शन में शामिल होने देश और विदेशों से पहुंचे इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय को 5 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान कर गुरुकुल के प्रति अपने विद्यार्थी धर्म के निर्वहन का प्रयास किया। ओस एलुमिनी फंक्शन में लगभग 2 सौ पूर्व छात्रों ने सहभागिता कर पुराने दिनों की यादें ताजा की और अपने अनुभव साझा किए।

विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के लोक विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (वर्तमान में अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी संकाय) में अध्ययन कर देश-विदेश में इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम कर रहे 200 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राएं एलुमिनी फंक्शन में शामिल होने पहुंचे।

यारियां ग्रुप के रूप में इस अवसर पर उपस्थित हुए छात्र छात्राओं के समूह ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय को 5 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। साथ ही कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को आश्वस्त किया कि वे आगे भी वित्तीय सहयोग प्रदान करेंगे। पथ दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व छात्रों ने सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र-छात्राओं ने कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा, अधिष्ठाता डॉ. आञ्जनेय पांडेय और फैकल्टी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इन विद्यार्थियों ने अपने कार्य अनुभव को साझा करते हुए विश्वास दिलाया है कि वे आने वाले समय में यहां के विद्यार्थियों के कैरियर डेवलपमेंट, कौशल विकास और तकनीकी क्षेत्र में मदद करेंगे। समूह ने रोजगार दिग्दर्शन, हेल्थ, एम्प्लॉयंट सपोर्ट की दिशा में सहयोग करेंगे।

पूर्व छात्र मनीष जायसवाल सेमिनार के मॉडरेटर रहे जबकि संचालन पूर्व छात्रा श्वेता श्रीवास्तव ने किया।

**पूर्व छात्रों से कुल गुरु ने किया विमर्श:** पूर्व छात्रों का यारियां ग्रुप तीन दिनों के प्रवास पर चित्रकूट आया है। पहले दिन एलुमनी एसोसिएशन की ऑर्गनाइजिंग कमेटी के पदाधिकारियों ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के साथ यूनिवर्सिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम को लेकर विमर्श किया।

इस मौके पर सुनील जायसवाल, मनोज मिश्रा, अभिषेक भार्गव, दीपक सूर्यवंशी, सुबोध त्रिपाठी, मनीष जायसवाल, रंजीत बिहारी, श्वेता श्रीवास्तव, निशि सिंह, अमित गोयल, अतीन निगम, रामेंद्र बिसेन, विक्रांत सक्सेना आदि ने अपने विचार रखे।

## शासकीय सेवा में कर्तव्य परायणता महत्वपूर्ण: विधायक

### 38 वर्ष की सेवा कर सेवा निवृत्त हुए दिनेश पाण्डेय



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले की नगर पंचायत रामपुर बघेलान में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 दिनेश पाण्डेय 38 वर्ष 1 माह 9 दिवस की शासकीय सेवा के पश्चात शनिवार को सेवा निवृत्त हो गये। नगर पंचायत सभाकक्ष में सेवा निवृत्ति कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह ने कहा कि शासकीय सेवा में किसी भी कर्मचारी और अधिकारी की कर्तव्य परायणता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सहायक ग्रेड-3 दिनेश पाण्डेय की कर्तव्य निष्ठा और नियमितता की सराहना करते हुए विधायक सिंह ने उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की।

इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने शाल श्रीफल से सेवा निवृत्त दिनेश पाण्डेय को सम्मानित कर उनके निवास तक विदा किया। इस अवसर पर पार्षद शिवांक त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, अरूणेन्द्र भारती, इरशाद खान, रेखा सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामकुमार आदिवासी, पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश कचेर, पार्षद दिलीप सोनी, पूर्व सीएमओ यशवंत सिंह, पंजाब सिंह, दीपक पाण्डेय, ओम पाण्डेय, पियूष पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, सफीरूद्दीन सिद्दकी, संदीप वर्मा, प्रहलाद सिंह सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमला करने वाले दोषी को 7 साल की कैद, लगाया 5 हजार का जुर्माना



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में एक जानलेवा हमले के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम, अनुराग कुरील की अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 7 साल सश्रम कारावास और 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इस फैसले ने क्षेत्र में न्याय की जीत की मिसाल पेश की है।

**मामला- 10 जुलाई 2015 का:** यह मामला 10 जुलाई 2015 का है, जब वादी रामराज पुत्र सूरजदीन, निवासी हर्रा, ने थाना पहाड़ी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि गांव के ही गोप्पा नामक व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी भोले उर्फ रामगोपाल उर्फ गोप्पा को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस कार्रवाई और आरोप पत्र प्रस्तुत:** पुलिस ने 9 मार्च 2016 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया, और उसके बाद मामले की सुनवाई शुरू हुई। अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराया।

**सजा और जुर्माना:** अदालत ने आरोपी को सात साल सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। यदि आरोपी जुर्माना अदा नहीं करता, तो उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने यह फैसला समाज के लिए एक कड़ा संदेश बताते हुए कहा कि इस तरह के अपराधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## राज्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी 1 दिसंबर को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी। निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यमंत्री बागरी प्रातः 10 बजे सर्किट हाउस सतना में जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेंगी। राज्यमंत्री प्रातः 11 बजे विधानसभा क्षेत्रीय कार्यालय बिट्स कालेज के पास सरपंचगण की बैठक, दोपहर 12 बजे पत्रकार वार्ता तथा दोपहर 1 बजे ग्राम सितपुरा के भंडारा में शामिल होंगी। इसी प्रकार राज्यमंत्री दोपहर 2 बजे सतना से मैहर जिले के लिए प्रस्थान कर दोपहर 3.30 बजे मैहर सर्किट हाउस पहुंचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेंगी।

# साइडिंग माध्यमिक स्कूल में पदस्थ शिक्षक सस्पेंड

## महंगी पड़ी महिला शिक्षिकाओं के साथ अभद्रता और गैरहाजिरी, डीईओ ने लिया एक्शन




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना शहर के घूरडांग संकुल की शासकीय माध्यमिक शाला साइडिंग में पदस्थ शिक्षक को महिला शिक्षिकाओं के साथ अभद्रता, नशाखोरी और गैर हाजिरी महंगी पड़ी है। डीईओ ने शिक्षक को सस्पेंड कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, जिला शिक्षा अधिकारी सतना टीपी सिंह ने शासकीय माध्यमिक शाला साइडिंग में पदस्थ शिक्षक अमित कुमार सतनामी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मझगवां बनाया गया है।

बता दें कि, शिक्षक के आचरण और कार्य व्यवहार को लेकर शिकायत डीईओ के पास पहुंची थी। डीईओ ने संकुल प्राचार्य घूरडांग से जांच करा कर प्रतिवेदन तलब किया था। प्रतिवेदन में पता चला कि शिक्षक अमित कुमार सतनामी महिला शिक्षिकाओं समेत अन्य शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और अमर्यादित भाषा में बात करते हैं।

मोबाइल पर महिला शिक्षकों के वीडियो बनाने और नशा करने का भी शिक्षक को शगल है। ऐतराज जताने पर लोगों से झगड़ा-विवाद करना, हाजिरी रजिस्टर पर फर्जी तरीके से दस्तखत करना और लेटलतीफी, गैरहाजिरी करना भी शिक्षक के लिए सामान्य बात हो चुकी है।

संकुल प्राचार्य ने अपने प्रतिवेदन में शिक्षक के 20 से 26 नवंबर तक विद्यालय में अनुपस्थित रहने का भी उल्लेख किया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर डीईओ ने शिक्षक को सस्पेंड कर दिया।

## मामा ने किया नाबालिग का रेप

### 2 माह का गर्भ ठहरने पर हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना में एक नाबालिग के साथ उसके रिश्ते के मामा ने ही दुष्कर्म किया, घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, सिविल लाइन थाना अंतर्गत एक गांव में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग दुष्कर्म का शिकार हुई है। उसके साथ 58 वर्षीय बुजुर्ग ने दरिंदगी की। आरोपी रिश्ते में पीड़िता का मामा लगता है। उसे पीड़िता के परिवार के अन्य लोग भी मामा ही पुकारते हैं।

इस घटना का पता तब चला, जब नाबालिग गर्भवती हो गई। दो माह की गर्भवती नाबालिग को लेकर उसका पिता थाने पहुंचा। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता की मां का कई वर्ष पहले देहांत हो चुका है। वह अपनी दादी के पास रहती है। रिश्ते के मामा ने उसके साथ दुष्कर्म किया लेकिन घर-परिवार में किसी को भनक नहीं लगी।

पीड़िता में शारीरिक बदलाव देख कर आसपास के लोगों को संदेह हुआ तो उन्होंने उसकी दादी से चर्चा की। जब दादी ने पीड़िता से जोर देकर पूछा तो उसने रिश्ते के मामा की घिनौनी करतूत उजागर की।

**पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज, आरोपी गिरफ्तार:** मामले में टीआई सिविल लाइन योगेंद्र सिंह ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# काशी-अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुए 359 यात्री

## तीर्थ दर्शन योजना के तहत सतना-मैहर जिले के लोग बोले- सरकार ने पूरा किया सपना





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्रा पर जाने के लिए शुक्रवार को मैहर जिले से मैहर, अमरपाटन और रामनगर क्षेत्र के 60 वर्ष से अधिक उम्र के 204 एवं सतना जिले के 155 तीर्थ यात्रियों समेत 359 तीर्थ यात्री वाराणसी और अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुए।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत एक विशेष रेल के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों में समय-समय पर ले जाया जाता है। इसी के तहत शुक्रवार को एक विशेष ट्रेन तीर्थ यात्रा कराने के लिये काशी एवं अयोध्या के लिये रवाना हुई। मैहर जिले से यात्रा का लाभ लगभग 204 से अधिक तीर्थ यात्रियों को मिला है जबकि सतना जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की इस विशेष ट्रेन में कुल 155 वरिष्ठजन रवाना हुए है। जिनमें 55 तीर्थ यात्री रघुराजनगर तहसील के हैं।

मैहर जिले के रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों का स्वागत राम नाम का दुपट्टा, रक्त चंदन माला, तिलक वंदन के साथ शीतल पेयजल स्वल्पाहार प्रदान कर रवाना किया गया। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने तीर्थ यात्रियों को मैहर स्टेशन पर फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर यात्रियों को नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी, देवेंद्र शुक्ला, रामबाबू चौरसिया, रामलाल रावत सहित विभागीय अधिकारियो ने मैहर रेलवे स्टेशन में टिकट वितरण किया।

**पीएम-सीएम के प्रति आभार जताया:** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्रियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हम लोगों को भगवान शिव एवं श्रीराम लला के दर्शन के लिये भेजा जा रहा है। हम सभी प्रसन्न हैं, यह सरकार की एक बहुत अच्छी योजना है, सरकार ने हम सभी बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराने का संकल्प लिया। सभी तीर्थ यात्रियों को प्रदेश की सरकार का आभार व्यक्त किया।



## जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है हम होंगे कामयाब अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासन के निर्देशानुसार जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक हम होंगे कामयाब विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशानुसार अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों, महाविद्यालयों ब्लॉक एवं जिला स्तर पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल मैहर मे किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बांगरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुभाष मिश्रा, पुलिस उपनिरीक्षक श्रीमती वंदना द्विवेदी ने जेंडर आधारित हिंसा के बारे में शिक्षकों एवं छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए महिलाओं के लिए स्थापित कानूनों एवं हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का सतना दौरा 4 को

## सतना-मैहर में निर्वाचन सम्बन्धी समीक्षा बैठक लेंगे सुखवीर सिंह

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह 4 दिसंबर को सतना और मैहर जिले के प्रवास पर आएंगे।

वे यहां निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक लेकर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के कार्य की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी 4 दिसंबर को रीवा से सतना आएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह सुबह 11 बजे सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम सम्बन्धी समीक्षा बैठक लेंगे।

वे सतना से मैहर जाएंगे और वहां भी दोपहर एक बजे से आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। वे दोपहर 2.30 बजे मैहर से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। बता दें कि आईएएस अधिकारी सुखवीर सिंह सतना कलेक्टर रह चुके हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।